!! श्री कृष्ण शरणम् ममः!!

आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594

वर्ष-11 । अंक 105 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर
रविवार,
20 अप्रैल,
2025

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में शुक्रवार देर रात एक चार मंजिला इमारत ताश के पत्तों की तरह भर-भराकर जमींदोज

# 15 साल पहले बनाई गई थी 'मौत' की इमारत

## अब तक 11 शव निकले; अभी कई और मलबे में, रेस्क्यू जारी

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में शुक्रवार देर रात एक चार मंजिला इमारत ताश के पत्तों की तरह भर-भराकर जमींदोज हो गई। अचानक तेज धमाका हुआ तो पड़ोसी नींद से जागे। बाहर निकलकर देखा तो गली में धुंए का गुबार था। इस बीच मौके से चीखने-पुकारने की आवाज आने लगीं। कुछ ही देर में लोगों को इमारत गिरने का अहसास हो गया।

**हादसा**

स्थानीय लोग मदद को भागे। बाद में कंट्रोल रूम को कॉल की गई। लोगों ने एक-एक कर घायलों को मलबे से निकालना शुरू कर दिया। इस बीच सूचना मिलने के बाद पुलिस व दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। हादसे के समय इमारत में 22-25 लोग मौजूद थे। घटना को देखते हुए डीडीएमए (दिल्ली आबदा प्रबंधन), एनडीआरएफ, एमसीडी व बाकी बचाव दलों को मौके पर बुला लिया गया।

### एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत

सुबह होते-होते मलबे से करीब 15 लोगों को निकाल लिया गया, जिनमें चार लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। बाकी दिन भर चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद धीरे-धीरे और लोगों को मलबे से निकालने का सिलसिला जारी रहा। दोपहर तक मृतकों की संख्या 11 तक पहुंच गई। इसमें एक ही परिवार के आठ लोग शामिल हैं। इसके अलावा 11 लोगों का जीटीबी अस्पताल में इलाज जारी है।

### 15 साल पहले लापरवाही से इमारत का निर्माण किया गया

शुरुआती जांच के बाद पता चला है कि करीब 15 साल पहले लापरवाही से इमारत का निर्माण किया गया था। पिछले कुछ दिनों से ग्राउंड फ्लोर पर बनी दो दुकानों में काम चल रहा था। दो दुकानों के पार्टिशन को हटाकर एक ही दुकान में तब्दील किया जा रहा था। इसके अलावा गली में मौजूद नाली का पानी भी इमारत की बुनियाद में रिस रहा था। आशंका व्यक्त की जा रही है इसकी वजह से इमारत गिरी।



### सीएम रेखा गुप्ता ने दिए जांच के आदेश

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गहरा दुख जताते हुए हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। दोपहर को स्थानीय भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट व दिल्ली सरकार के मंत्री कपिल मिश्रा घटना स्थल पहुंचे और राहत बचाव कार्य का जायजा लिया। उन्होंने आदेश दिया है कि एरिया में ऐसी और खतरनाक इमारतों को तुरंत खाली करवाया जाए।

### 60 गज के प्लॉट में बनी थी बिल्डिंग

जिला पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि रात करीब 2.50 बजे कंट्रोल रुम को डी-26, गली नंबर-1, शक्ति विहार, दयालपुर में चार मंजिला इमारत गिरने की सूचना मिली थी। बचाव दल मौके पर पहुंचा। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि करीब 60 गज के प्लॉट पर ग्राउंड फ्लोर के अलावा ऊपर तीन मंजिलें और बनी थीं।

### मलबे से 22 लोगों को निकाला जा चुका

इमारत में मकान मालिक हाजी तहसीन उर्फ यासीन के तीन बेटों के परिवार के अलावा तीसरी मंजिल पर दो किरायेदार के परिवार रहते थे। एक बेटे के परिवार को छोड़कर बाकी सभी अपनी-अपनी फ्लोर पर मौजूद थे। ग्राउंड फ्लोर पर दुकानों में काम चल रहा था। इस वजह से वहां कुछ मजदूर सो भी रहे थे। अब तक मलबे से 22 लोगों को निकाला जा चुका है, जिसमें 11 की मौत हो चुकी है।

### घायलों का इलाज जारी

मृतकों में मकान मालिक तहसीन, उसके बेटे नाजिम, नाजिम की पत्नी शाहिना, बेटा अनस, अफ्फान, बेटी आफरीन, तहसीन के बेटे चांद की पत्नी चांदनी और तहसीन के ससुर इशहाक के अलावा किराएदार शाहिद के दो बेटे दानिश और नावेद व दूसरे किरायेदार नबी मोहम्मद की पत्नी रेशमा शामिल हैं। घायलों का जीटीबी अस्पताल में इलाज जारी है।

### 4 जेसीबी, 1 क्रेन से हटाया जा रहा मलबा

मौके पर एमसीडी की चार जेसीबी, एक क्रेन मलबा हटाने में जुटे हैं। डीडीएमए और एनडीआरएफ की टीमें अपने उपकरणों के साथ मलबे में जिंदगियों को खोजने में जुटे रहे। शनिवार दोपहर तक करीब 50 फीसदी मलबे हटा लिया गया था। मौके पर एक दर्जन से अधिक कैट्स की एंबुलेंस के अलावा भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

### मृतकों की लिस्ट (एक ही परिवार)

1. तहसीन (60) मकान मालिक
2. नाजिम (30) पुत्र-तहसीन
3. शाहिना (28) पत्नी-नाजिम
4. अनस (6) पुत्र-नाजिम
5. आफरीन (4) पुत्री नाजिम
6. अफ्फान (8 माह) पुत्र-नाजिम
7. चांदनी (23) पत्नी- चांद मोहम्मद
8. इशहाक (70) ससुर-तहसीन

**किरायेदार**

9. दानिश (23) पुत्र-शाहिद
10. नावेद (17) पुत्र-शाहिद
11. रेशमा (38) पत्नी नबी मोहम्मद

अमित शाह ने वर्ल्ड लिवर डे पर इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज में कहा

# 2 घंटे एक्सरसाइज, 6 घंटे की नींद जरूरी

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि देश के युवाओं को अगर स्वस्थ्य और फिट रहना है तो उन्हें अपने रूटीन में बदलाव करना होगा। यह बात मैं अपने पर्सनल एक्सपीरियंस से बोल रहा हूं।

**संबोधन**

अमित शाह ने नई दिल्ली में वर्ल्ड लिवर डे पर इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज (ILBS) के एक कार्यक्रम में ये बातें कहीं। शाह ने कहा कि देश के युवाओं को अभी 40-50 साल और जीना है और देश की प्रगति में योगदान देना है। मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि वे अपने शरीर के लिए दो घंटे व्यायाम और अपने दिमाग के लिए छह घंटे की नींद रिजर्व करें।

**शाह बोले-** आज किसी भी तरह की दवा की जरूरत नहीं अमित शाह ने कहा, 'मई 2020 से लेकर आज तक मैंने अपने जीवन में बहुत बड़ा बदलाव किया। आवश्यक मात्रा में नींद, पानी और आहार और नियमित व्यायाम ने मुझे बहुत कुछ दिया है।

आज मैं आपके सामने किसी भी तरह की एलोपैथिक दवा और इंसुलिन से मुक्त होकर खड़ा हूं। यह मेरा अपना अनुभव है। मैं आज यहां इस अनुभव को साझा करने आया हूं।




**दिल्ली CM बोलीं-** हमारा स्वास्थ्य ढांचा मजबूत बने कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी शामिल रहीं। उन्होंने कहा- आज लिवर डे के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि देश में किसी को भी हेल्थ सर्विस के लिए संघर्ष न करना पड़े। हमारी राजधानी दिल्ली सिर्फ यहीं के लोगों के इलाज के लिए नहीं है। पूरे देश और दुनिया से लोग यहां आते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करें।

**उपराज्यपाल बोले-** दिल्ली की नई सरकार की नीतियां बेहतर दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कहा, 'सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली की नई सरकार ने अपनी नीतियों और एजेंडे में स्वास्थ्य सेवा को प्राथमिकता दी है। पिछली सरकार की नीतियों के कारण दिल्ली पिछड़ गई थी।

### PM मोदी का पोस्ट- स्वस्थ जीवन जीने का प्रयास करें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिवर डे पर सोशल मीडिया पर लिखा, "#WorldLiverDay को ध्यानपूर्वक खाने और स्वस्थ जीवन जीने के आह्वान के साथ मनाने का सराहनीय प्रयास। तेल का सेवन कम करने जैसे छोटे कदम बहुत बड़ा बदलाव ला सकते हैं। आइए, हम सब मिलकर मोटापे के बारे में जागरुकता बढ़ाकर एक स्वस्थ और तंदुरुस्त भारत का निर्माण करें।

# पश्चिम बंगाल : संदेशखाली में BJP-TMC कार्यकर्ता भिड़े

## फायरिंग का आरोप; 10 लोग घायल

**एजेंसी ● कोलकाता**

उत्तर 24 परगना जिले के जेलियाखाली, संदेशखाली में भाजपा और तृणमूल समर्थकों के बीच झड़प के कारण तनाव बढ़ गया है। इस झगड़े में तृणमूल और भाजपा के कम से कम 10 कार्यकर्ता घायल हो गए। उनमें से आठ की हालत ऐसी थी कि उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। हंगामे और मारपीट के संबंध में संदेशखली-2 ब्लॉक के तृणमूल अध्यक्ष दिलीप मल्लिक ने दावा किया कि कुछ भाजपा कार्यकर्ता स्थानीय मस्जिद के इमाम से बात कर रहे थे।

उसी समय वहां कुछ तृणमूल कार्यकर्ता पहुंच गए और उन्होंने पूछा कि क्या चर्चा हो रही है तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन पर अचानक हमला कर दिया। जिसमें छह तृणमूल कार्यकर्ता और समर्थक गंभीर रूप से घायल हो गए।

दिलीप मल्लिक ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर गोलीबारी का भी आरोप लगाया। हालांकि, भाजपा ने आरोपों को खारिज कर दिया है। भाजपा के उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट सांगठनिक जिला अध्यक्ष



सुकल्याण वैद्य ने दावा किया कि तृणमूल ने वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में जालियाखाली में विरोध मार्च का आयोजन किया था।

### आठ लोग अस्पताल में भर्ती

उनका दावा है कि तृणमूल कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बिना उकसावे के भाजपा कार्यकर्ताओं की पिटाई की। हंगामे की खबर मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। उन्होंने दोनों पक्षों के आठ घायल लोगों को अस्पताल ले जाने की व्यवस्था की गई।

# दिल्ली-NCR और जम्मू-कश्मीर में भूकंप

## फगानिस्तान में आए 5.8 तीव्रता के भूकंप का असर

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

अफगानिस्तान में शनिवार को दोपहर 12:17 बजे रिक्टर पैमाने पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। इसका असर जम्मू-कश्मीर और दिल्ली-NCR तक महसूस किया गया। हालांकि अब तक जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक भूकंप का असर जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी महसूस किया गया। श्रीनगर में एक व्यक्ति ने बताया- मैंने भूकंप महसूस किया। मैं दफ्तर में था, तभी मेरी कुर्सी हिली। कुछ इलाकों से लोगों को घरों और ऑफिस से बाहर भागते देखा गया।

**केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा क्षेत्र में:** थानेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (NCS) के अनुसार, भूकंप सतह से 86 किलोमीटर नीचे आया। इसका केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा क्षेत्र में था। यह इलाका भूकंप के लिए सेंसिटिव जोन में गिना जाता है। इस क्षेत्र में भूकंप आना सामान्य बात है।

कूनो को बनाएंगे एक आदर्श वन्य पर्यटन स्थल : 20 अप्रैल को छोड़े जाएंगे चीते, मुख्यमंत्री ने कहा-

# गांधीसागर अभयारण्य की जलवायु चीतों के लिए अनुकूल

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इको सिस्टम के प्रॉपर डेवलपमेंट के लिए मध्यप्रदेश में वृहद स्तर पर काम हो रहा है। वन्य पर्यटन हमारी अर्थव्यवस्था को गति देता है और अब यही हमारी समृद्धि का प्रवेश द्वार बन रहा है। हमारी सरकार कूनो राष्ट्रीय उद्यान को एक आदर्श वन्य प्राणी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेगी। प्रदेश में सिर्फ कूनो ही नहीं, अब मंदसौर जिले का गांधीसागर अभयारण्य भी चीतों से गुलजार होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से आगामी 20 अप्रैल को गांधी सागर अभयारण्य में चीते छोड़े जाएंगे। कड़ी सुरक्षा में कूनो नेशनल पार्क से 2 चीते शिफ्ट कर गांधीसागर अभयारण्य में ले जाये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कूनो नेशनल पार्क में पर्यटन तेजी से बढ़े, इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार ग्वालियर से कूनो के लिए डायरेक्ट रोड और एयर कनेक्टिविटी भी

**बैठक**



विकसित करने पर गंभीरता से विचार कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ मध्यप्रदेश में चीता प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन संबंधी समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों द्वारा यह जानकारी दिए जाने पर हर्ष व्यक्त किया कि भारत (मध्यप्रदेश) में जन्में चीता शावकों की जीवन प्रत्याशा (सर्वाइवल रेट) पूरे विश्व में सर्वाधिक है। दूसरे देशों में चीता शावक जलवायु से अनुकूलन के अभाव में सर्वाइव नहीं कर पाते हैं। चीतों के लिए जरूरी जलवायु और वातावरण की दृष्टि से गांधीसागर अभयारण्य बेहद अनुकूल है, इसलिए सरकार यहां चीते छोड़कर इस अभयारण्य को भी चीतों से गुलजार करेगी।

### कूनो जुड़ेगा रोड टू एयर कनेक्टिविटी से

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार के साथ मिलकर सबके सहयोग से हम चीतों का पुनर्वास करेंगे। ग्वालियर से कूनो नेशनल पार्क तक पक्की बारहमासी रोड बनाई जाएगी। कूनो में टेंट सिटी तैयार कर यहां आने वाले पर्यटकों को जंगल में प्रकृति के पास समय बिताने का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वन मंत्री यादव की मंशा के अनुरूप हम कूनो प्रक्षेत्र में इंटरनेशनल लेवल का एक पशु चिकित्सालय और रेस्क्यू सेंटर भी खोलेंगे। इसके लिए केंद्र सरकार से भी मदद लेंगे।

### वरिष्ठ अधिकारियों की अनदेखी के चलते नहीं किया जा रहा ट्रांसफर

# आईडीए का लेखा विभाग चर्चाओं में, वर्षों से जमे हैं अधिकारी और कर्मचारी

**संवाददाता ● इंदौर**

**मनमानी**

इंदौर विकास प्राधिकरण यूं तो हमेशा से ही किसी न किसी बात को लेकर चर्चाओं में बना रहा है, लेकिन इस वक्त आईडीए का लेखा विभाग और उसके अधिकारी प्रगति जैन और राजेंद्र पोरवाल सहित पूरा के पूरा लेखा विभाग काफी चर्चाओं में है। क्योंकि जिस तरह लेखा विभाग में प्रतिदिन मलाई की गंगा जो बह रही है। जिसमें यह दोनों अधिकारी हो या फिर अन्य कर्मचारी लगभग प्रतिदिन ही अपने हाथ कढ़ाई में डुबोए रहते हैं। आईडीए लेखा विभाग के बारे में खुद आईडीए के ही विश्वनीय सूत्र बताते हैं कि यहां प्रतिदिन लाखों की वर्षा होती है। इधर, आईडीए के सूत्र बताते है कि प्रति बिल स्वीकृति पर एक तय प्रतिशत किया गया हैं। जिसको समझा जाए तो दोनों ही अधिकारी प्रतिदिन लगभग लाखों की बेटिंग तक लेते हैं। यहीं नहीं यहां पदस्थ अदने भी इनसे कुछ कम नहीं है, क्योंकि वह भी अच्छा खासा हिस्सा रोजाना लेकर उठते हैं।

### अब सीधे रिटायरमेंट पर ही रवानगी

इंदौर विकास प्राधिकरण लेखा विभाग में कई अंगद तो ऐसे हैं जिनकी पूरी नौकरी ही लेखा विभाग में गुजर गई और जाने की बात की जाए तो वरिष्ठ अधिकारियों



के रहमो कर्म के चलते उनके रिटायरमेंट के बाद ही इन अंगदों की विदाई हो पाएगी। इधर आईडीए से जुड़े कई ठेकेदार हो या फिर निर्माण एजेंसियां लेखा विभाग से जुड़े अधिकारियों प्रगति जैन, राजेंद्र पोरवाल की दर्जनों शिकायतें कर चुके है, लेकिन आईडीए के ही जिम्मेदार उक्त शिकायतों को लेकर कोई भी ठोस कदम उठाने से परहेज करते है। अब ऐसा वह क्यों कर रहे है। इसका जवाब उन्हें ही पता है। लेकिन कहीं न कहीं कार्रवाई के नाम पर शिथिल कार्यशैली के चलते खुद अब जिम्मेदारों के पत्ते भी अपने आप खुल रहे हैं।

### रोजाना बड़े बिल और मामला पूरी तरह सेट

आईडीए के सूत्र बताते हैं कि लेखा विभाग में प्रतिदिन करोड़ों रुपए का लेन-देन उक्त विभाग द्वारा किया जाता है। इसी लेन-देन में से इन अधिकारियों जिनमें चीफ एकाउंटेंट प्रगति जैन और असिस्टेंट एकाउंटेंट राजेंद्र पोरवाल का अपना एक तय हिस्सा बना हुआ है। इसके अलावा यहां के अदने कर्मचारी भी कुछ कम नहीं है, क्योंकि इन दोनों ही अधिकारियों से लगभग आधा हिस्सा उक्त बंदर बांट में उनका भी शामिल होता हैं।

## शॉट न्यूज

### नगर में दो बड़ी घटनाएं तीन की मौत एक घायल

**देपालपुर**। शुक्रवार का दिन नगर के लिए अभिषाप बनकर आया, जिसमें 1 पुरुष 2 महिला की मौत हो गई व एक महिला गम्भीर घायल हो गई जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। पहली घटना बरोदापंथ फाटे पर हुई जहा रसोई बनाने वाली महिला रसोई बना कर घर जाने के लिए बस के इंतजार में बैठी 2 महिलाओं को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें मौके पर एक महिला 60 वर्ष की मौत हो गई। साथ ही श्यामाबाई 50 वर्ष गम्भीर घायल हो गईं। दोनों महिलाएं किरखेड़ा गांव की निवासी थी। वहीं दूसरी घटना बनेडिया गांव में हुई जहां खेत से लौट रहे किसान का ट्रैक्टर पलटी खाया जिसमें पति-पत्नी की मौके पर ही दबकर मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कमल पटेल उम्र 50 साल अपनी पत्नी सीमा उम्र 45 वर्ष के साथ ट्रैक्टर से बनेड़िया घर लौट रहे थे। इस दौरान गड्ढे में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटी खा गया, जिसमें दोनों की दबकर मौके पर मौत हुई।

### चाकू अड़ाकर दंपती से मारपीट, नकदी-जेवर लूटे

**इंदौर**। देहात क्षेत्र बड़गोंदा इलाके में एबी रोड पर दंपती को बदमाशों ने घेर लिया और चाकू अड़ाकर मारपीट करते हुए नकदी व जेवर लूट की वारदात को अंजाम दिया। वारदात के बाद आरोपी भाग गए। पुलिस ने हुलिए के आधार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बड़गोंदा पुलिस के मुताबिक लूटपाट की वारदात गत रात करीब 12.30 बजे एबी रोड पर ग्राम पांजरिया में भारत पेट्रोल पंप पास हुई। पुलिस ने फरियादी रामकुमार पिता श्यामदेव साहनी निवासी ग्राम भंवरा, तहसील महदावल जिला संत कबीर नगर (उप्र) की रिपोर्ट पर चार अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ वाहन में सवार होकर मुंबई-आगरा रोड से गुजर रहा थी। तभी रास्ते में बाइक सवार चार अज्ञात आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों के पास चाकू थे। उन्होंने हमारे गले पर चाकू अड़ा दिया और मारपीट कर सोने और चांदी की दो अंगूठी, मंगल सूत्र, कान के टाप्स और नकदी 5 हजार हजार रुपए छीन लिए।

### बारात में नाचने को लेकर विवाद, युवक का सिर फोड़ा

**इंदौर**। चंदन नगर इलाके में बारात में नाचने को लेकर हुए युवक विवाद के दौरान आरोपियों ने एक युवक की पिटाई कर उसका सिर डीजे वाहन में ठोंककर उसे लहूलुहान कर दिया। पुलिस के मुताबिक घटना पॉवर हाउस के पास नन्दन नगर की हैं। मामले में भागीरथ पिता गंगाराम झरने (34) निवासी ऋषि पैलेस की शिकायत पर आरोपी भूपेंद्र और भोंदू निवासी रामानंद नगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया हैं।फरियादी भगीरथ ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि मैं शादी मे रामानन्द नगर गया था । जब रात करीबन 9.30 बजे पावर हाउस के पास नंदन नगर पर बाने में नाचने की बात को लेकर भूपेन्द्र और भोंदू दोनो मुझे गालियां देने लगे। मैंने भूपेन्द्र और भोंदू को गाली देने से मना किया तो भूपेन्द्र और भोंदू दोनो मेरे साथ हाथ थप्पड़ से व लात घूसों से मारपीट करने लगे और मेरा सिर पकड़कर डीजे की गाड़ी मे ठोक दिया जिससे मुझे सिर मे चोट लगकर खून निकलने लगा।

### निगम मुख्यालय स्थित महापौर परिषद सभागृह में हुई मेयर-इन-कौंसिल की बैठक

# एक हजार करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की एमआईसी की हरी झंडी



**संवाददाता ● इंदौर**

**मीटिंग**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में मेयर-इन-कौंसिल की बैठक निगम मुख्यालय स्थित महापौर परिषद सभागृह में सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त श्री शिवम वर्मा, महापौर परिषद सदस्य, राजेन्द्र राठौर, निरंजनसिंह चौहान, अश्विनी शुक्ल, नंदकिशोर पहाड़िया, राजेश उदावत, अभिषेक बबलू शर्मा, राकेश जैन, मनीष शर्मा मामा, नगर निगम के सभी अपर आयुक्त और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। महापौर परिषद की बैठक प्रारंभ होने पर महापौर परिषद सदस्य राजेश उदावत द्वारा बताया गया कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव 21 से 23 अप्रैल में मास्को, रुस में आयोजित वार्षिक ऑल-रुसी म्युनिसिपल फोरम के आयोजन में सम्मिलित होंगे। इस फोरम में रुस की नगर पालिकाओं के 3000 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। फोरम के ढांचे के भीतर पैनल और रणनीतिक सत्र आयोजित किए जाएंगे, जहां विशेषज्ञ स्थानीय स्वशासन पर चर्चा करेंगे। उक्त फोरम में रुस ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव को 'भारत गणराज्य के निवेश, आकर्षण और इसकी आर्थिक क्षमता' के बारे में संबोधित करने के लिए भारत गणराज्य की ओर से आमंत्रित किया गया है जो इन्दौर के गौरव की बात है। इंदौर के महापौर भार्गव देश का नेतृत्व करेंगे। एमआयसी की ओर से भार्गव को बधाई दी गई और पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया। महापौर परिषद की बैठक में वार्ड 65 के अन्तर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में तीन गलियों व मेन रोड का जनसहयोग से सीमेन्ट कांक्रीट का कार्य रुपये 8 करोड़, चंदन नगर चैराह से नगीन नगर होते हुए नंदन नगर तक की लिंक रोड को इन्दौर विकास योजना में सम्मिलित करने के लिए भूमि उपान्तरण एवं जनरेटिंग एरिया घोषित करने के लिए शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने, चंदन नगर चैराहे से नंदन नगर, कालानी नगर होते हुए एयरपोर्ट रोड़ तक की लिंक रोड़ निर्माण में सीमेन्ट कांक्रीट, कैरेजवे, पुल पुलिया निर्माण, फुटपाथ, स्टार्म वॉटर लाईन, इलेक्ट्रिक लाईन शिफ्टिंग आदि कार्य के लगभग राशि रुपये 26 करोड़ के निविदा आमंत्रण की स्वीकृति, कबीट खेडी स्थित 245 एम.एल.डी. प्लान्ट से रेवती रेंज पौधारोपण स्थल तक रीयूज्ड वॉटर लाईन डालने के लिए राशि रुपये 11 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई, अमृत 2.0 अन्तर्गत पैकेज क्रमांक 3 व 4 में कुल 40 नवीन ओव्हर हेड टेंक निर्माण तथा उनके डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क का कार्य इसके अतिरिक्त 75 पुराने ओव्हर हेड टेंक का डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के सुदृढ करने के लिए राशि रुपये 965 करोड़ की निविदा प्रारुप की स्वीकृति प्रदान की गई।

### आगजनी को रोकने होगी फायर फायटिंग की होगी तैयारी...

कबीट खेडी में स्थित 245 एम.एल.डी. के प्लान्ट के संचालन व संधारण के संबंध में स्वीकृति प्रदान की गई। महापौर परिषद की बैठक में शहर में होने वाली आगजनी की घटना पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए फॉयर प्रकोष्ठ के गठन करने तथा इसके लिए फॉयर अमले के पदों की पूर्ति के संबंध में भी निर्णय लिया गया। इसी के साथ फॉयर कंसलटेन्ट व ट्राफिक सुधार के लिए कंसलटेन्ट की सेवाएं लेने के संबंध में स्वीकृति प्रदान की गई। शहर के सीमाओं पर नगर निगम इन्दौर आपका हार्दिक अभिनंदन करता है के संबंध में स्वागत द्वार बनाये जाएंगे।

### 150 वर्ष पुराने मेडिकल कॉलेज से एक भी छात्र नहीं आने पर हलचल...

# एमबीबीएस की टॉप लिस्ट में इंदौर नहीं

### बुंदेलखंड के पांच छात्र टॉप-10 में शामिल

**संवाददाता ● इंदौर**

**मामला**

एमबीबीएस एग्जाम की टॉप लिस्ट जारी की जा चुकी है। इस लिस्ट पर गौर करें तो करीब 150 वर्ष पुराने एमजीएम मेडिकल कॉलेज का एक भी छात्र का नाम इसमें शामिल नहीं है। वहीं दूसरी और करीब डेढ़ दशक पुराने सागर के बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के पांच छात्र टॉप 10 में शामिल है। साथ ही भोपाल के भी दो स्टूडेंट इस लिस्ट में है। टॉप लिस्ट जारी होने के बाद इस प्रकार का मामला सामने आने पर एक ओर जहां मेडिकल कॉलेज में हलचल है वहीं दूसरी ओर अस्पताल प्रशासन भी आश्चर्य में है। के दबी जुबान में कुछ प्रोफेसर यह कहते नजर आ रहे हैं कि महानगर बनते शहर की चकाचौंध भरी जिंदगी के कारण मेडिकल छात्र पढ़ाई पर उचित ध्यान नहीं दे पा रहे हैं।

जानकारी अनुसार इंदौर शहर का मेडिकल कॉलेज अंग्रेजों के समय का है। इस कॉलेज की स्थापना के समय इसका नाम किंग एडवर्ड मेडिकल कॉलेज और 1878 में हुई स्थापना की गई। महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज के नाम से इसकी स्थापना 1948 की गई। तब से अब तक



इस कॉलेज में देश-विदेश में अपनी ख्याति बिखेरी है। यहां से निकले कई डॉक्टर विदेशों में सेवा दे रहे हैं, लेकिन कुछ वर्षों से इसकी छवि कमजोर होती जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि कुछ वर्ष पूर्व तक इंदौर और जबलपुर स्थित मेडिकल कॉलेज से ही एमबीबीएस परीक्षा के टॉपर आते थे। इन कॉलेज को प्रदेश में शीर्ष माना जाता है। बेहतर पढ़ाई से अच्छे रिजल्ट को देखते हुए एमबीबीएस की तैयारी करने वाले छात्रों का सपना इन्हीं मेडिकल कॉलेज में एडमिशन लेना होता है। जहां तक चर्चाओं पर गौर करें तो यह सामने आता है कि पहले चलने वाली नियमित क्लासेस से बेहतर रिजल्ट आते रहे, लेकिन अब शिक्षकों के पास ज्यादा समय नहीं है। वहीं यह भी कहा जा रहा है कि इंदौर के मेडिकल कॉलेज में अब पहले जैसी पढ़ाई भी नहीं मिल पा रही है।

# 90 फीसदी कॉपियां चेक, एमपी बोर्ड 10 वीं-12 वीं का रिजल्ट मई के पहले हफ्ते में होगा जारी

**संवाददाता ● इंदौर**

**जांच**

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड 2025) की बोर्ड परीक्षाओं के बाद मूल्यांकन कार्य 90 फीसदी पूरा हो चुका है। 21 अप्रैल को बची हुई 20 हजार कॉपियां भी जांच ली जाएंगी। बता दें कि इस बार मूल्यांकन केंद्र मालव कन्या उमावि में 10वीं और 12वीं की कुल तीन लाख चार हजार 511 कॉपियां जांच के लिए अन्य जिलों से आई थीं।

### 84 हजार कॉपियां जांची जा चुकी हैं

इसमें शुक्रवार तक दो लाख 84 हजार एक कॉपियां जांची जा चुकी हैं। इस बार मूल्यांकन कार्य 25 अप्रैल तक पूरा किया




जाना था, जिसे चार दिन पहले ही पूरा कर लिया जाएगा। इस बार परीक्षा मूल्यांकन कार्य 13 मार्च से शुरू हुआ था। मूल्यांकन केंद्र प्रभारी बबीता हरायण ने बताया कि इस बार 10वीं में कुल एक लाख 78 हजार 721 कॉपियां जांच के लिए आई थीं। इनमें से हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, आईटी, प्रायवेट सिक्यूरिटी, ब्यूटी एंड वेलनेस और ऑटोमेटिव विषय की सभी कॉपियां जांची जा चुकी हैं। अब विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान विषय की कुल 18 हजार 900 कॉपियां जांची जाना शेष हैं। इसी तरह 12वीं में कुल एक लाख 25 हजार 790 कॉपियां जांच के लिए आई थीं। इसमें से अकाउंट, आईपी और क्राप प्रोडक्शन की एक हजार 610 कॉपियां जांची जाना शेष हैं।

पूरा मूल्यांकन कार्य तय समय से चार दिन पहले यानी 21 अप्रैल को पूरा कर लिया जाएगा। शुक्रवार को कुल नौ हजार 435 कॉपियां जांची गई हैं। वरिष्ठ अफसरों ने बताया कि अधिकांश जिलों में कार्य पूरा होने को है। संभावना है कि मई के पहले सप्ताह में परिणाम घोषित हो जाएंगे।

### धंसने लगी बावड़ी में भरी मिट्टी-मलबा



स्नेहलतागंज में रोड पर स्थित बावड़ी को बंद कर दिया गया था, जिसकी मिट्टी-मलबा अब धंसने लगा है।

### अधूरे काम पूरा करने के लिए अब नगर निगम को याद आया लोन

# 500 करोड़ के कर्ज के लिए भोपाल से परमिशन के इंतजार में अधिकारी

**संवाददाता ● इंदौर**

**योजना**

आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहा नगर निगम अब करोड़ों रुपए का कर्ज लेने की तैयारी में है। इसके लिए शासन को पत्र भेजा है। इसकी स्वीकृति होते ही निगम 500 करोड रुपए का कर्ज ले सकेगा। बताया जा रहा है कि शासन से स्वीकृति का पिछले एक पखवाड़े से इंतजार है। एक तरफ तो राज्य सरकार लगातार हजारों करोड़ रुपये का लोन आए



दिन लेती है मगर शासन में बैठे अधिकारी इंदौर शहर के विकास में रोड़े लगाते हैं ये इसका एक जीता जागता उदाहरण है। निगम अधिकारियों के अनुसार नगर निगम जो लोन लेने वाली है, उसका किसी भी तरह का भार शासन पर नहीं होगा। नगर निगम स्वयं ही सम्पूर्ण लोन का भुगत करने वाला है सरकार को केवल अपनी स्वीकृति ही देनी है मगर अभी तक स्वीकृति पत्र शासन से नगर निगम इंदौर नहीं पंहुचा है। शहर में विकास कार्यों को बढ़ावा देने के साथ ही जनहित के अनेक कार्य किए जाने हैं। इसके साथ ही कुछ योजनाओं में भी उक्त लोन राशि का उपयोग होगा। शासन में बैठे अधिकारी इस इंतजार में रहते हैं कि नगर निगम इंदौर से कोई अधिकारी आएगा और उनकी सेवा करेगा जिसके बाद वे लोन की स्वीकृति जारी करेंगे जबकि शासन को पहले ही प्राथमिकता से इंदौर के मामले में विचार करना चाहिए। प्रदेश का सबसे महत्वपूर्ण व्यावसायिक शहर या ये कहना अधिक सही होगा कि महानगर इंदौर को पीछे रखने में शासन में बैठे अधिकारी स्वयं के हित सिद्ध करने तक इंतजार करते हैं जिसकी वजह से शहर का विकास तो प्रभावित होता ही है आम जनता के बीच विकास का समय पर पूर्ण न होना भी एक कारण है।

### नवलखा अग्रवाल संगठन द्वारा आनंद नगर में चल रहे रामकथा महोत्सव में उमड़ रहा भक्तों का सैलाब

# संस्कारों की पूंजी जोड़ने का पुरुषार्थ भी करें : उत्तम स्वामी

संवाददाता ● इंदौर

प्रवचन

अपने जीवन में हम दिन-रात परिश्रम कर अनेक तरीकों से धनार्जन में तो लगे रहते हैं, लेकिन जीवन की धन्यता और अधिक बढ़ जाएगी, जब हम अपनी तिजोरी में सत्य, सत्संग और सेवा के संस्कारों की पूंजी जोड़ने का पुरुषार्थ भी करेंगे। वस्तु प्रधान सुख कुछ क्षणों का होता है, लेकिन ईश्वर के सुमिरन से मिलने वाला सुख स्थायी होता है। जब तक हम स्वयं को अपने आराध्य की भक्ति से नहीं जोड़ेंगे, तब तक जीवन में कुछ न कुछ रिक्तता बनी रहेगी। जीवन की आपाधापी के बीच थोड़ी सी गुंजाईश परमात्मा की सेवा के लिए भी जरूर रखें। हमारी इंद्रियां जितना अधिक ईश्वर का चिंतन करेंगी, हमारे आनंद में उतनी अधिक वृद्धि होती रहेगी। समाज में विषाद और संताप का जहर घोलने वालों के लिए कोई जगह नहीं होना चाहिए। कैकेई और मंथरा जैसे पात्र हर युग में परिवार और समाज में मौजूद रहते हैं, जिनसे सतर्क रहने की जरूरत है।

प्रेरक विचार हैं प्रख्यात मानस मनीषी महामंडलेश्वर प.पू. उत्तम स्वामी महाराज के, जो उन्होंने शनिवार को अग्रवाल संगठन नवलखा की मेजबानी में आनंद नगर खेल परिसर मैदान पर चल रहे रामकथा महोत्सव के दौरान व्यक्त किए। कथा श्रवण के लिए आनंद नगर में दिनोंदिन भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। आसपासकी 50 कालोनियों के अलावा दूर-दूर के साधु-संत, महंत भी कथा श्रवण के लिए आ रहे हैं। शनिवार को भी कथा की सभी व्यवस्थाएं मातृशक्ति ने संभाली। इनमें मनीषा बंसल, शकुन गर्ग, पूनम गुप्ता, पिंकी गोयल, उमा संजय अग्रवाल, आरती अग्रवाल, विजिया अग्रवाल, ऋतु अग्रवाल आनंद नगर, दीप्ति अग्रवाल, मोनिका सांघी एवं तृप्ति गोयल के नाम प्रमुख हैं, जिन्होंने उत्सव, रंगोली, साज-सज्जा एवं आरती सहित विभिन्न व्यवस्थाएं संभाली। कथा शुभारंभ के पूर्व जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, कमलेश खंडेलवाल, हरि अग्रवाल, अशोक गोयल, दीपक जैन टीनू, मनोज वर्मा, गोपाल गोयल,



अतुल चायवाले, बालमुकुंद अग्रवाल, राजेश बंसल, गुरू भक्त मंडल के ओम सिलावट, धनंजय शर्मा, आसिफ शाह, विवेक निगम, गौरव अग्रवाल, संगठन के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, प.पू. उत्तम स्वामी के संसारी जीवन के बड़े भाई अनिल सनाप ने भी व्यासपीठ का पूजन किया। अनेक संत-महंत भी नियमित रूप से कथा श्रवण कर रहे हैं। महंत वामनदास, महंत मंगलनाथ सहित जगन्नाथपुरी एवं गंगोत्री से भी आए हुए संतों, महंतों ने भी व्यासपीठ का पूजन किया। संयोजक संदीप गोयल आटो ने बताया कि आनंद नगर में कथा का यह प्रवाह 21 अप्रैल तक प्रतिदिन सांय 4 से 7 बजे तक जारी रहेगा। रविवार, 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे संतश्री के सानिध्य में केशरबाग रोड स्थित अहिल्या माता गौ शाला पर गुरू भक्त मंडल एवं नवलखा अग्रवाल संगठन की मेजबानी में गौ सेवा का कार्य होगा।

विद्वान वक्ता ने कहा कि किसी की जिंदगी बचाने के लिए बोला गया झूठ पाप की श्रेणी में नहीं आता। कसाई से यदि गाय को बचाने के लिए झूठ बोला जाए तो वह पाप नहीं, पुण्य होगा। समाज में आज भी विषाद और संताप का जहर घोलने वाले मौजूद हैं। अयोध्या में यदि कैकेई और मंथरा राम को वनवास भेजकर रघुकुल में संताप की शुरुआत की तो आज उनका कहीं नाम नहीं है। ऐसे लोगों के लिए कहीं जगह नहीं होना चाहिए। घर को शांति और सुख का सबसे बड़ा आश्रय माना जाता है, लेकिन यदि वहां भी व्यक्ति को चैन नहीं मिले तो कहां जाएंगे। जिनके हृदय में सत्य, सेवा, समर्पण और साधना निरंतर बने रहते हैं, उनकी बुद्धि को भ्रमित करने से सरस्वती भी इंकार कर देती है। रामचरित मानस की रामकथा इतनी अदभुत और अनुपम है कि विश्व में और कोई कथा नहीं मिलती। एक बार राम का उल्टा नाम बोल देने पर वाल्मिकी डाकू से संत बन गए, लेकिन चिंतन करें कि हम हजारों बार रोज राम नाम जपने के बाद भी खुद को क्यों नहीं बदल पा रहे हैं।

### मंत्री ने मेयर और सांसद के साथ मेट्रो की सवारी की

# इंदौर मेट्रो का शुभारंभ करने आएंगे पीएम : विजयवर्गीय

संवाददाता ● इंदौर

सफर

नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मेयर पुष्यमित्र भार्गव और सांसद शंकर लालवानी ने शनिवार को मेट्रो ट्रेन में सफर किया। वे गांधी नगर स्टेशन से पांच किलोमीटर दूरी पर स्थित मेट्रो के अगले स्टेशन तक पहुंचे। अफसरों ने सफर के दौरान मेट्रो कोच की खूबियों को बताया। मंत्री विजयवर्गीय ने अफसरों से कहा कि मेट्रो के संचालन के लिए मंजूरी मिल चुकी है। अब जल्दी ही इसकी सौगात शहरवासियों को दी जाए।

मंत्री विजयवर्गीय दोपहर 12 बजे मेट्रो ट्रेन में सवार हुए। पांच किलोमीटर तक का सफर उन्होंने किया। उन्होंने स्टेशन पर मिलने वाली यात्रियों की सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मेट्रो ट्रेन का सफर वाकई अच्छारहाहै। यह लोगों के सफर को औरसुविधाजनक बनाएगी। अब अगला लक्ष्य मेट्रो का ट्रायल है, जो रेडिसन चौराहे तक होने वाला है। इसके लिए अफसरों को निर्देश दिए गए है। इंदौर में मेट्रो का काम तेज गति से चल रहा है। प्रायोरिटी कॉरिडोर पर मेट्रो कामर्शियल रन के लिए तैयार है। सीएमआरएस टीम की तरफ से भी मेट्रो को हरि झंडी मिल गई है। हालांकि मेट्रो का कामर्शियल रन कब से शुरू होगा यह अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन इसका शुभारंभ पीएम मोदी के हाथों होगा। बता दें कि इंदौर में विधानसभा चुनाव के पहले मेट्रो का ट्रायलरन पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था। मेट्रो के कोचबड़ौदा के प्लांट से आए थे। मेट्रो ट्रेक के अलावा कोचका ट्रायल रन हुआ। बाद में अलग-अलग स्पीड से ट्रेन को चलाकर देखा गया। रेलवे की तरफ से सेफ्टी आडिट भी किया गया औरकुछ दिनपहले ही मेट्रो के कमर्शियल रन की मंजूरी मेट्रो रेल कार्पोरेशन को मिल चुकी है। मेट्रो को एयरपोर्ट से और कुर्मेटी बस स्टेशन से जोड़ने की कवायद चल रही है। अगले साल तक मेट्रो का संचालन 17 किलोमीटर लंबाई में शुरू हो सकता है।





#### मेट्रो को देखने लोग ज्यादा आएंगे

विजयवर्गीय ने मेट्रो का निरीक्षण करने के बाद प्रायोरिटी कॉरिडोर को लेकर कहा कि यह छोटे रुट पर लोगों की सुविधा तो बन रही है, लेकिन लोग देखने और घूमने ज्यादा आएंगे। पहला एक्सपीरियंस करेंगे मेट्रो का, इसलिए निश्चित रुप से पीएम मोदी जब भी सीएम को समय देंगे तब हम इसका विधिवत उद्घाटन करेंगे और उसके बाद से इंदौर के नागरिक इस ट्रेन को एंजॉय कर सकेंगे। विजयवर्गीय ने कहा कि मेट्रो का काम बहुत तेज चल रहा है हमें विश्वास है कि दिवाली पर हम 17.5 किमी का ट्रायल रन करेंगे। गांधी नगर से रेडिसन चौराहे तक इसके संचालन होने यात्रियों की संख्या भी अधिक हो जाएगी।

## अग्रसेन माधवी सोशल ग्रुप द्वारा बैसाख चतुर्थी का उद्यापन समारोह



संवाददाता ● इंदौर

अग्रवाल समाज की सक्रिय और सेवाभावी संस्था अग्रसेन माधवी सोशल ग्रुप द्वारा बैसाख चतुर्थी का उद्यापन समारोह एयरपोर्ट रोड स्थित बाबाश्री रिसोर्ट पर समाजसेवी जगदीश गोयल के आतिथ्य में मनाया गया।

ग्रुप की संस्थापक राधा राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर 500 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अनेक मनोरंजक स्पर्धाओं में पुरस्कार भी जीते। ग्रुप की ओर से भी महिलाओं को अनेक उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। समाजसेवी जगदीश-सीतादेवी गोयल ने व्रतधारी महिलाओं के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की और ग्रुप के सेवा प्रकल्पों की भी प्रशंसा की। महिलाओं ने परंपरानुसार पूजा भी की ओर नाचते-गाते हुए अपने खुशियां व्यक्त की। संचालन गौरी- निखिल अग्रवाल ने किया। व्रतधारी महिलाओं का स्वागत सीमा-श्याम अग्रवाल, शीतल अग्रवाल, वर्षा गुप्ता, तारा ऐरन, दीप्ति अग्रवाल, संध्या गुप्ता एवं सुमन जिंदल ने किया। अंत में श्रीमती राधा अग्रवाल ने माना।

## 6 स्थानों पर जल सेवा केन्द्र शुरू

**इंदौर।** दिनोंदिन उछल रहे पारे और तापमान को देखते हुए श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ ने आम नागरिकों के हितों में रणजीत हनुमान रोड, अन्नपूर्णा रोड, कैट चौराहा सहित अन्नपूर्णा क्षेत्र के 11 स्थानों पर शीतल जल सेवा प्रारंभ करने का संकल्प किया है। इस पर हाथोहाथ अमल करते हुए चार स्थानों पर प्याऊ की स्थापना की जा चुकी है, जबकि 2 स्थानों पर रविवार को प्याऊ का शुभारंभ होगा। इस तरह 11 में से 6 स्थानों पर प्याऊ की स्थापना का संकल्प पूरा हो चुका है तथा शेष 5 स्थानों पर भी अतिशीघ्र स्थापना कर दी जाएगी।महासंघ के संरक्षक किशोर गोयल एवं अध्यक्ष संजय गोयनका ने बताया कि अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ ने निर्णय लिया है कि अपने इस संकल्प की पूर्ति के लिए महासंघ से जुड़े परिवारों के निवास अथवा संस्थान का चयन कर एक चरणबद्ध कार्यक्रम के तहत इन 11 स्थानों पर शीतल पेयजल की सेवा शुरू की जाएगी। इनमें से 4 स्थानों पर तो हाथोंहाथ जल सेवा केन्द्र प्रारंभ कर दिए गए हैं।

# शास्त्र और शस्त्र के समन्वय से दिखेगी सनातन की शक्ति

### 30 अप्रैल को इंदौर में निकलेगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा

संवाददाता ● इंदौर

सनातन धर्म की शक्ति और एकता का प्रतीक भगवान श्री विष्णु के छठे अवतार भगवान श्री परशुराम की जयंती इस वर्ष इंदौर में अभूतपूर्व उत्साह और भव्यता के साथ मनाई जाएगी। सर्व ब्राह्मण युवा संगठन द्वारा आयोजित यह शोभायात्रा सनातन संस्कृति के गौरव को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। शोभायात्रा शास्त्र और शस्त्र के समन्वय से सनातन धर्म की एकता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करेगी।

30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन शाम 6 बजे दीनदयाल उपाध्याय चौराहा स्थित भगवान परशुराम मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होगी। हजारों समाज जन इस शोभायात्रा का हिस्सा बनेंगे जो सनातन हिन्दू समाज की एकजुटता और अखंडता का संदेश देंगे। जिस प्रकार भगवान श्री राम केवल क्षत्रिय समाज के नहीं और भगवान श्री कृष्ण यादव समाज के नहीं बल्कि समस्त हिन्दू समाज के प्रेरणा स्त्रोत हैं, उसी तरह भगवान श्री परशुराम भी संपूर्ण सनातनियों के आराध्य हैं। संगठन ने सभी सनातन हिन्दू समाज से इस शोभायात्रा में शामिल होने का आह्वान किया है। शोभायात्रा आईटीआई रोड, हीरानगर थाने की ओर से मुड़कर फिर मंदिर पर समाप्त होगी। इसमें नासिक के ढोल, उज्जैन की श्री महाकाल डमरू मंडली, आदिवासी नृत्य, भगवान परशुराम से प्रेरित झांकियां, चलित भजन संध्या, बैंड, घोड़े और बग्गियां शामिल होंगी।मातृशक्ति और संत समाज के नेतृत्व में यह यात्रा आगे बढ़ेगी। कार्यकर्ता पारंपरिक धोती-कुर्ता और महिलाएं चुनरी ड्रेस कोड में भाग लेंगी।

### ग्रेटर ब्रजेश्वरी स्थित जीण धाम का स्थापना दिवस

# आज शाम निकलेगी चुनरी यात्रा

संवाददाता ● इंदौर

ग्रेटर ब्रजेश्वरी स्थित जीण धाम की स्थापना के 16 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज शाम 5 बजे जीण धाम से भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया है। मातारानी के सेवक हरिओम अग्रवाल ने बताया कि चुनरी यात्रा जीण धाम से प्रारंभ होकर कालिंदीकुंज कालोनी के सामने से एक नंबर बगीचे से होते हुए मालू परिसर की गली से पुनः जीणधाम पहुंचेगी, जहां माताजी को विशाल चुनरी समर्पण के साथ अभिषेक, पूजा एवं भजन के अनुष्ठान भी होंगे। चुनरी यात्रा में जीण माता के सैकड़ों श्रद्धालु शामिल होंगे।

### इंडियन सोसाइटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग एंड एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स अपने अध्यक्ष जयंता दास के नेतृत्व में-

# इंदौर में होगा तीन दिवसीय 'कूल कॉन्क्लेव 2.0' का आयोजन

संवाददाता ● इंदौर/जयपुर

आयोजन

पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध एक ऐतिहासिक पहल के रूप में, इंडियन सोसाइटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रिजरेटिंग एंड एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स (आईएसएचआरएई) अपने अध्यक्ष जयंता दास के नेतृत्व में कूल कॉन्क्लेव 2.0 का आयोजन करने जा रही है। यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यक्रम 31 जुलाई से 2 अगस्त 2025 तक इंदौर के भव्य *शेरेटन ग्रैंड पैलेस* में आयोजित किया जाएगा।

रीथिंक, रेडिज़ाइन, रिवाइटलाइज़'* थीम पर आधारित यह आयोजन टिकाऊ विकास और हरित समाधान के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देगा, जिसका प्रमुख विषय *डिकार्बनाइज़ेशन* (कार्बन उत्सर्जन में कमी) रहेगा। वर्तमान समय में जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा संक्रमण जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है, ऐसे में *एचवीएसी* (हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग) प्रणालियों की भूमिका नेट ज़ीरो लक्ष्यों और पर्यावरणीय संरक्षण में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यह कॉन्क्लेव तकनीक, इंजीनियरिंग, वास्तुकला, शहरी नियोजन, शासन, उद्योग, शिक्षा और नीति-निर्माण से जुड़े विशेषज्ञों और छात्रों को एक मंच पर लाने जा रहा है।




**कूल कॉन्क्लेव के चेयरमैन पंकज धारकर ने कहा:** 'हम केवल तकनीकी चर्चाएं नहीं कर रहे, बल्कि एक स्थायी भविष्य की दिशा में एक ठोस रोडमैप तैयार कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ ग्रीन टेक्नोलॉजी को दिखाना नहीं, बल्कि हर पेशेवर और संस्था को इस परिवर्तनशील यात्रा का भागीदार बनाना है।'

**वाइस चेयर निशांत गुप्ता* ने जानकारी दी:** 'हम 'डिकार्बनाइज़ेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड्स' की शुरुआत कर रहे हैं, जो कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए किए गए प्रेरणादायक कार्यों को सम्मानित करेंगे। नामांकन 15 मई से खुले हैं, जो छह विभिन्न श्रेणियों में व्यक्तियों और संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित करते हैं। साथ ही, ज्यूरी द्वारा विशेष सराहना हेतु विशेष पुरस्कार भी दिए जाएंगे।'

**कन्वेनर मितुल शाह ने बताया:** 'कूल कॉन्क्लेव 2025 को एक ज्ञान और अनुभव केंद्र के रूप में डिजाइन किया गया है, जहां प्रतिभागी व्यावहारिक नवाचार, इंटरऐक्टिव सत्र और केस स्टडीज़ के माध्यम से डिकार्बनाइज़ेशन तकनीकों के विकास को समझ पाएंगे।'

**को-कन्वेनर सुजल शाह ने कहा:** 'यह केवल एक औद्योगिक सम्मेलन नहीं है, बल्कि यह बिल्ट एनवायरनमेंट का एक 'महाकुंभ' है, जहां अग्रणी सोच, नवाचार और टिकाऊ विकास के रास्ते एक साथ मिलते हैं। हम सभी हितधारकों से इसमें भाग लेने का आग्रह करते हैं।'

तकनीकी चर्चाओं के अलावा, कॉन्क्लेव में एक संगीतमय सांझ और भव्य गाला डिनर जैसी मनोरंजन गतिविधियां भी होंगी, जो सहभागियों को नेटवर्किंग और आपसी मेलजोल का अवसर देंगी।

इस आयोजन में तकनीकी प्रदर्शन, नीति संवाद, नेतृत्व सत्र, बी2बी बैठकें, कैटलॉग शो, पुरस्कार समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अद्वितीय संगम देखने को मिलेगा। **कूल कॉन्क्लेव** केवल एक इवेंट नहीं, बल्कि यह तकनीक, नवाचार और पर्यावरणीय चेतना को एक मंच पर लाने वाला एक व्यापक आंदोलन है।

# मुर्शिदाबाद हिंसा से किसको राजनीतिक फायदा मिलेगा?

दिल्ली चुनाव के बाद लगा था कि अब राष्ट्रीय चर्चा में विदेश नीति और आर्थिक मुद्दे हावी हो जाएंगे। क्योंकि अगला चुनाव साल के अंत में बिहार में होना था। लेकिन तमिलनाडु, केरल, असम और सबसे महत्वपूर्ण पश्चिम बंगाल में होने जा रहे चुनावों के लिए भाजपा और क्षेत्रीय पार्टियां पहले ही तैयार होने लगी हैं। भाजपा ने अन्नाद्रमुक के साथ गठजोड़ की घोषणा कर दी है, हालांकि अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी पलानीस्वामी ने इसे चुनावों के लिए किया गया गठबंधन बताया है, सरकार बनाने के लिए नहीं। दूसरी तरफ, द्रमुक सीएम एमके स्टालिन 2026 में जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन का खुलकर विरोध कर रहे हैं और तमिल गौरव के मुद्दों को उठा रहा है। और अब, मुर्शिदाबाद का मुद्दा सामने आ गया है, जो पश्चिम बंगाल में हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण करने की क्षमता रखता है। मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद में हुई भयानक हिंसा में दो हिंदू पिता-पुत्र की मृत्यु हो गई और उसके बाद पुलिस की गोलीबारी में एक मुस्लिम व्यक्ति मारा गया। इस घटना ने राज्य में हवा के रुख की ओर इशारा किया है, जहां ममता बनर्जी तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश करेंगी।

लेकिन राज्य की सत्ता पर भाजपा की नजरें जमी हैं। हिंसा की घटनाओं की शुरूआत मुस्लिम समुदाय द्वारा वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन से हुई। इसे मुसलमान अपने धर्म का पालन करने के अधिकार में हस्तक्षेप के रूप में देखते हैं। फिलहाल, हिंसा पर काबू पा लिया गया है, उच्च न्यायालय के कहने पर वहां केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है और राज्य पुलिस ने हिंसा कैसे शुरू हुई, इसकी जांच के आदेश दे दिए हैं। भाजपा ने हिंसा को नियंत्रित करने में विफल रहने के लिए टीएमसी पर निशाना साधा है और उस पर मुसलमानों और बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया है। आने वाले हफ्तों में वह इसी नैरेटिव को और आगे बढ़ाएगी। वहीं भाजपा पर पलटवार करते हुए ममता बनर्जी ने इसे उसकी विफलता बताया है,

**विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रम्प के टैरिफ भारत के लिए नए दरवाजे खोल सकते हैं। उदाहरण के लिए, सेमीकंडक्टरों की आपूर्ति में, जिस पर फिलहाल ताइवान का वर्चस्व है। उसे 30% से अधिक टैरिफ का सामना करना पड़ा है। इसलिए यदि आपूर्ति-श्रृंखलाएं बदलती हैं तो भारत खुद को एक विकल्प के रूप में पेश कर सकता है। यह पैकेजिंग, टेस्टिंग और लो-एंड चिप निर्माण जैसी अपेक्षाकृत सुगम चीजों से शुरू कर सकता है।**

क्योंकि अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की निगरानी और घुसपैठियों को रोकना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है। मुर्शिदाबाद हिंसा के लिए अमित शाह को दोषी ठहराते हुए ममता ने प्रधानमंत्री से अपने गृह मंत्री को नियंत्रित करने का आह्वान किया।

ऐसा करके उन्होंने दोनों शीर्ष नेताओं के बीच अंतर भी स्पष्ट किया। अगाथा क्रिस्टी के उपन्यासों में हत्यारा कौन है, यह जानने के लिए जासूस इस बात का पता लगाता था कि हत्या से किसको सबसे ज्यादा फायदा होगा। बंगाल वाले मामले में भाजपा और टीएमसी दोनों को ही ध्रुवीकरण से फायदा होने की संभावना है। इसने मुर्शिदाबाद के हिंदुओं को भयभीत और क्रोधित कर दिया है और इससे राज्य के बाकी हिंदुओं को भी संदेश जा रहा है। भाजपा इस भावना को भुनाएगी। कई लोगों की नजर इस पर भी होगी कि क्या ममता मुस्लिम दोषियों के साथ सख्त व्यवहार करती हैं? उनके भतीजे अभिषेक के बारे में कहा जाता है कि वे इसके पक्ष में हैं। दूसरी ओर, जो मुसलमान घिरा हुआ महसूस कर रहे हैं, वे ममता के लिए और लामबंद हो जाएंगे। इससे कांग्रेस और वाम दलों के मैदान से बाहर होने की संभावना है, जिससे 2026 में फिर से भाजपा-टीएमसी के बीच आमने-सामने का मुकाबला हो सकता है। अल्पसंख्यक वोटों में टूट से ममता को ही नुकसान होगा।

यकीनन, ममता को हिंदुओं के बीच अपना आधार बनाए रखने की भी जरूरत होगी और वे यह जानती हैं। उन्होंने दोहराया है कि अगले साल अप्रैल में दीघा में एक नए जगन्नाथ धाम का उद्घाटन किया जाएगा। और यह जानते हुए कि सभी समुदायों की महिलाएं उनका समर्थन करती हैं, वे राज्य में पात्र महिलाओं को हर महीने दी जाने वाली 1000 रुपए की राशि बढ़ा सकती हैं। इस योजना की शुरूआत उन्होंने 2021 में की थी और न केवल इसका उन्हें भरपूर लाभ मिला, कई दूसरे राज्यों ने भी इसका अनुसरण किया है।वक्फ संशोधन अधिनियम के पारित होने से आम मुसलमानों में जैसा आक्रोश है, वैसा अनुच्छेद 370 को हटाने या तीन तलाक को अवैध बनाने वाले कानून से नहीं हुआ था।

## संत वचन

आज के हमारे प्रथम वाचन में, जो प्रेरित पौलुस द्वारा कलीसिया और इफिसुस नगर और क्षेत्र के ईश्वर के वफादार लोगों को लिखे गए पत्र से लिया गया है, मसीह में प्यारे भाइयों और बहनों, आज जब हम सबने पवित्र शास्त्र के वचनों को सुना, तो हम सभी को याद दिलाया गया कि हम में से हर एक को ईसाई होने के नाते, परमेश्वर के पवित्र और प्रिय लोगों के रूप में, अपने प्यारे परमेश्वर और उद्धारकर्ता, प्रभु की शिक्षाओं का पूरे दिल से पालन करना जारी रखना चाहिए, जिन्होंने अपने पुत्र, यीशु मसीह के माध्यम से हमारे प्रति अपना प्रेम प्रकट किया है, अपने प्रेम को हमारे प्रति पूर्ण रूप से और उस तरीके से प्रकट किया है जो हमारे लिए मूर्त और सुलभ है, ताकि हम उनके प्रेम और उद्धार से लाभान्वित हो सकें, और हम अपने जीवन की यात्रा में उनके हमेशा धैर्यपूर्ण मार्गदर्शन और सहायता के बारे में आश्वस्त हो सकें। परिणामस्वरूप, हमें भी अपने आप से सभी नकारात्मक भावनाओं को दूर रखने का प्रयास करना चाहिए।

# बच्चों के सामने हमारा बर्ताव अच्छा होना क्यों जरूरी है?

क्या आपने कभी, बिना सोचे-समझे, किसी की नकल की है? ऐसे व्यवहार को मनोवैज्ञानिक, ऑब्जर्वेशनल लर्निंग कहते हैं। यानी दूसरों को देखकर सीखना, जानकारी हासिल करना और फिर बाद में देखे गए व्यवहार को दोहराना यानी नकल करना। मुझे यह पिछले शनिवार याद आया, जब मैं भिलाई (छग) के संजय रूंगटा स्कूल में, आठवीं से बारहवीं तक के बच्चों और उनके माता-पिता को संबोधित करने पहुंचा था। सभी दर्शकों का ध्यान स्टेज की गतिविधियों पर था, लेकिन एक पिता, सबसे आगे बैठकर अखबार पढ़ रहे थे, जिससे पीछे बैठे बच्चों को स्टेज देखने में परेशानी हो रही थी। वे पिता साथ में संगीत भी सुन रहे थे, वह भी ऐसे हॉल में जहां उनके बच्चे के लिए ही लेक्चर दिया जा रहा था। स्कूल को उन्हें टोकने में असहजता हो रही थी क्योंकि न सिर्फ वे एक पैरेंट थे, बल्कि शहर के अमीरों में शामिल थे। तभी मैंने देखा कि पीछे बैठा एक बच्चा, अखबार का गिरा हुआ पन्ना उठाकर देखने लगा और प्रिंसिपल के भाषण को नजरअंदाज करने लगा। जब मैंने पैसे और सामाजिक व्यवहार के बीच यह संघर्ष देखा, तो मैं स्टेज से उठकर गया और उन पिता को रोका। मैंने उनके कंधे पर थपथपाया क्योंकि वे हेडफोन लगाए हुए थे। यह देख बच्चे हंस पड़े।मुझे यह घटना बीते गुरुवार याद आई, जब मैंने मुंबई में स्कूल केयरटेकर के साथ कुछ बच्चों को सड़क पार करते देखा।

केयरटेकर ने सभी कारों को रुकने का इशारा किया और बच्चों को रोड क्रॉस करवाई, जबकि पैदल यात्रियों के लिए सिग्नल लाल था। जब एक कार मालिक ने केयरटेकर को गलती बताई, तो वह बोली, ॒तो क्या हुआ, बच्चों के लिए इतना भी नहीं कर सकते क्या?॒ ड्राइवर ने विनम्रता से कहा, ॒देखिए, मुझे कोई आपत्ति नहीं है लेकिन आप बच्चों को अप्रत्यक्ष रूप से यह सिखा रही हैं कि पैदल यात्रियों के लिए सिग्नल लाल होने पर भी सड़क पार की जा सकती है।॒ वह बात को नजरअंदाज कर चली गई। रूंगटा स्कूल के उस पिता और मुंबई के स्कूल की केयरटेकर, दोनों को अहसास नहीं था कि कैसे बच्चे बड़ों को देखकर उनके जैसे ही काम करते हैं। बच्चे, बड़ों के व्यवहार से ज्यादा तेजी से सीखते हैं और दूसरों के साथ वैसा ही बर्ताव करते हैं जैसा उनके माता-पिता या देखभाल करने वाले करते हैं। बेशक, वे हर व्यवहार की सिर्फ नकल ही नहीं करते। जैसे, जब बच्चा थकी-हारी मां को कपड़ों की घड़ी बनाते देखता है, तो वह कुछ कपड़े उठाकर मां की इसलिए नकल करता है, ताकि मां इनाम में गले लगा ले या तारीफ करे। ऑब्जर्वेशनल लर्निंग के मामले में, बंडुरा का बोबो डॉल प्रयोग बहुत मशहूर है।

**एडिट.नोट**

इसमें बंडुरा ने बताया कि कैसे छोटे बच्चे किसी वयस्क मॉडल के आक्रामक व्यवहार की नकल कर सकते हैं। बच्चों ने एक फिल्म देखी जिसमें एक वयस्क, बड़ी और फुलाने वाले डॉल को लगातार मारता है। बाद में बच्चों को कुछ देर डॉल के साथ खेलने दिया गया। जिन बच्चों ने यह देखा कि डॉल को मारने पर वयस्क के साथ कुछ बुरा नहीं हुआ या उसे इनाम मिला, उन बच्चों में बड़ों के हिंसक व्यवहार की नकल करने की आशंका ज्यादा दिखी। जबकि, जिन बच्चों ने यह देखा कि बड़ों को बुरे या आक्रामक बर्ताव के लिए सजा मिला, तो उनमें नकल करने की संभावना घट गई। फंडा यह है कि हम चाहे माता-पिता हों या नहीं, हमें बच्चों के बीच अपने सामाजिक व्यवहार को लेकर जागरूक रहना चाहिए। इसकी बहुत ज्यादा आशंका है कि हमारा बुरा बर्ताव, भविष्य में ऐसे समाज का निर्माण कर दे, जिसका हमें पछतावा हो।

**मनोज जोशी - लेखक**

# चीन से यूरोप की नजदीकियां अब धीरे-धीरे बढ़ने लगी हैं

अमेरिका का टैरिफ-युद्ध अब अमेरिका और चीन के बीच भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में तब्दील होता दिख रहा है। जहां ट्रम्प के वैश्विक टैरिफों पर 90 दिन का विराम लगाया गया है, वहीं चीन पर टैरिफ बना हुआ है। यह टैरिफ अब आश्चर्यजनक रूप से 245% हो गया है। जवाब में बीजिंग ने भी टैरिफ लगाया, लेकिन वो कह रहा है कि वो अब इससे ऊपर नहीं जाएगा। पर इन टैरिफ-स्तरों पर इन दोनों देशों के बीच होने वाला सारा व्यापार थम गया होगा। ट्रम्प और बाइडेन ने भी चीनी कंपनियों को ब्लैकलिस्ट करने की परिपाटी कायम की थी, जो अब शीर्ष पर पहुंच चुकी है। लेकिन लड़ाई तो अभी शुरू ही हुई है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि टैरिफ के प्रभाव चीनियों पर भारी पड़ेंगे। उनके मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र- जो अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए खिलौने, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि का उत्पादन करता है- पर इसका बुरा असर पड़ेगा। लेकिन यह सब इस तथ्य के संदर्भ में देखा जाना चाहिए कि चीन से अमेरिका को निर्यात पहले ही लगातार घट रहा था।

2018 में, जब पहला ट्रेड-वॉर शुरू हुआ था, तब अमेरिका का चीनी निर्यातों में 19.8% हिस्सा था, अब यह घटकर महज 12.8% रह गया है। चीन घरेलू खपत को बढ़ावा देकर निर्यात की भरपाई करना चाहता है। लेकिन चीनी उपभोक्ता कुख्यात रूप से कंजूस हैं। इसके लिए कुछ हद तक प्रतिबंधात्मक सरकारी नीति भी जिम्मेदार है। चीन की बचत दर भारत के 31% और वैश्विक औसत 28.2% की तुलना में आश्चर्यजनक रूप से 44% है। अब सरकार अपने मध्यम वर्ग को अधिक उपभोग के लिए प्रोत्साहित करना चाहती है और वेतन वृद्धि और अन्य साधनों को बढ़ावा दे रही है, ताकि घरेलू सामान और इलेक्ट्रॉनिक्स की खपत को बढ़ा सके। चीन ने रेयर-अर्थ धातुओं और मैग्नेट्स के निर्यात को रोक दिया है। चीन दुनिया की हेवी रेयर-अर्थ धातुओं की 99% आपूर्ति और 90% रेयर-अर्थ मैग्नेट्स का उत्पादन करता है। ये रेयर-अर्थ मैग्नेट्स पारंपरिक चुम्बकों की तुलना में अधिक शक्तिशाली हैं। नतीजतन, चीन रेयर-अर्थ धातुओं की आपूर्ति श्रृंखला पर हावी है और अमेरिका के रेयर-अर्थ धातु आयात के 70% से अधिक की आपूर्ति करता है। इन धातुओं का उपयोग सेमीकंडक्टर्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, हथियार, सौर प्रौद्योगिकी, ईवी आदि बनाने के लिए किया जाता है। कार और ड्रोन से लेकर रोबोट और मिसाइलों तक की असेम्बलिंग के लिए मैग्नेट्स जरूरी हैं।

जैसे-जैसे ट्रेड-वॉर आगे बढ़ा है, ट्रम्प ने चीन को छोड़कर भारत सहित दुनिया के अधिकांश देशों के लिए जैसे-को-तैसा टैरिफ पर 90 दिनों का विराम लगा दिया है। जबकि इनमें से अधिकांश देश अमेरिका के साथ द्विपक्षीय सौदों पर बातचीत करने के लिए सहमत हो गए थे। वहीं चीन ने कड़ा रुख अपनाते हुए अमेरिका के टैरिफ का जवाब दिया है। अमेरिका को एहसास हो रहा है कि चीन के साथ भू-राजनीतिक मुकाबले के लिए उसे अपने सहयोगियों और साझेदारों की जरूरत है। अमेरिका अब चीन का सामना करने के लिए अपने नेतृत्व वाले देशों का गठबंधन चाहता है। लेकिन उसके सहयोगी उदासीन बने हुए हैं। उन्होंने देखा है कि ट्रम्प के लिबरेशन डे पर क्या हुआ था, जब उन सभी पर टैरिफ थोप दिया गया था। इससे ईयू को 20%, वियतनाम को 46%, ताइवान को 32%, भारत को 26%, जापान को 24%, ऑस्ट्रेलिया को 10% की हानि हुई थी। अमेरिका के सहयोगियों का भरोसा डगमगा गया है। ईयू ने देखा है कि अमेरिका यूक्रेन पर किस हद तक हावी हो रहा है, रूस को गले लगा रहा है, ग्रीनलैंड और कनाडा पर दावा ठोक रहा है। ईयू ने यह भी देखा कि ट्रम्प ने उसके बारे में कहा है कि यह संगठन हमें परेशान करने के लिए बनाया गया है। 30 मार्च को, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया ने पांच वर्षों में अपनी पहली आर्थिक वार्ता की मेजबानी की और त्रिपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। शी जिनपिंग वियतनाम, मलेशिया और कंबोडिया के साथ अपने संबंधों को गहरा करने के लिए राजकीय यात्राएं कर रहे हैं। चीन दुनिया के अधिकांश देशों का शीर्ष व्यापारिक भागीदार है। इसका एक उदाहरण अमेरिका का सहयोगी ऑस्ट्रेलिया है, जिसका अमेरिका को निर्यात चीन को उसके निर्यात का केवल 15% है। कुछ विश्लेषकों का कहना है कि अब तक व्यापारिक संबंधों के चलते ही ताइवान पर युद्ध की संभावना कम थी। लेकिन अगर चीन और अमेरिका की अर्थव्यवस्थाएं अलग हो जाती हैं, तो इससे ताइवान पर धावा बोलने की चीन की योजनाओं पर कोई रोक नहीं होगी।

## बिजनेस

# दूसरी बार रिकॉर्ड 38.3 लाख करोड़ की परियोजनाओं में निवेश, निजी क्षेत्र की 69 व सरकारी की 31% हिस्सेदारी



**नई दिल्ली।** देशभर में वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 38.3 लाख करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा हुई है। यह मूल्य के लिहाज से 2015-16 के बाद एक दशक में दूसरी बार रिकॉर्ड परियोजनाओं की घोषणा है। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुताबिक, कुल घोषणाओं में से 69 फीसदी यानी 25.2 लाख करोड़ की परियोजनाएं निजी क्षेत्र की और 31 फीसदी यानी 11.1 लाख करोड़ रुपये की सरकारी क्षेत्र की हैं। सरकारी क्षेत्रों में केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय शामिल हैं। निजी क्षेत्र में 62 फीसदी (22.6 लाख करोड़) निवेश घरेलू कंपनियों के हैं। बाकी 2.6 लाख करोड़ रुपये विदेशी कंपनियों के हैं।

निजी कंपनियों ने जिन क्षेत्रों में सबसे ज्यादा परियोजनाओं की घोषणा की हैं, उनमें अक्षय ऊर्जा शीर्ष पर है। केंद्र का जोर सड़क, रिफाइनरी और शिपिंग परियोजनाओं पर है। वहीं, राज्य सड़क, शिक्षा, परिवहन और रेलवे पर ध्यान दे रहे हैं। बीते वित्त वर्ष में सबसे ज्यादा परियोजनाओं की घोषणा इस साल जनवरी-मार्च में की गई, जो 18.9 लाख करोड़ की थीं। पहली तीन तिमाहियों में सिर्फ 19.4 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं घोषित हुई थीं। सरकारी निवेश में केंद्र का हिस्सा 7.4 लाख करोड़ रहा। राज्य और स्थानीय निकायों का 3.7 लाख करोड़ रुपये रहा।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुताबिक, कुल घोषणाओं में से 69 फीसदी यानी 25.2 लाख करोड़ की परियोजनाएं निजी क्षेत्र की और 31 फीसदी यानी 11.1 लाख करोड़ रुपये की सरकारी क्षेत्र की हैं। सरकारी क्षेत्रों में केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय शामिल हैं। निजी क्षेत्र में 62 फीसदी (22.6 लाख करोड़) निवेश घरेलू कंपनियों के हैं। बाकी 2.6 लाख करोड़ रुपये विदेशी कंपनियों के हैं।

कुल 38.3 लाख करोड़ की परियोजनाओं में ओडिशा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा 37 फीसदी है। कर्नाटक, बिहार, राजस्थान, गुजरात और छत्तीसगढ़ का योगदान 33 फीसदी है।सरकार के कुल निवेश में से 91 फीसदी हिस्सा पांच क्षेत्रों में हुआ है।


इनमें रिन्यूएबल इलेक्ट्रिसिटी, सड़क परिवहन, रिफाइनरी, परंपरागत इलेक्ट्रिसिटी व शिपिंग हैं। इलेक्ट्रिसिटी और शिपिंग में 6.8 लाख करोड़ की परियोजनाएं शामिल हैं। अन्य क्षेत्रों में केमिकल, स्टील, रेलवे, खनिज, हाउसिंग व स्वास्थ्य सहित अन्य हैं।राज्य सरकारों का 67 फीसदी निवेश सड़क परिवहन क्षेत्र में है। रिन्यूएबल इलेक्ट्रिसिटी का हिस्सा 6.7 फीसदी, रेलवे का 4.2 फीसदी व शिक्षा का हिस्सा 2.6 फीसदी है। घरेलू निजी कंपनियों का ज्यादा जोर यानी 29.6 फीसदी निवेश रिन्यूएबल इलेक्ट्रिसिटी में है। केमिकल में 15.8 फीसदी, स्टील-पाइप में 11 फीसदी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में 7 फीसदी निवेश है।

### राज-काज

## जियो फाइनेंस को चौथी तिमाही में 316 करोड़ का मुनाफा

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड को वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 316 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। सालाना आधार पर इसमें 1.8% की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी को 310 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। नतीजों के साथ जियो फाइनेंशियल ने अपने शेयर होल्डर्स के लिए प्रति शेयर 0.50 रुपए का फाइनल लाभांश (डिविडेंट) का भी ऐलान किया है। कंपनियां अपने शेयरधारकों को मुनाफे का कुछ हिस्सा देती हैं, उसे लाभांश या डिविडेंड कहते हैं। जनवरी-मार्च तिमाही में जियो फाइनेंस की नेट इंटरेस्ट इनकम (ठक्क) 9,382 करोड़ रुपए रही। एक साल पहले की समान तिमाही में यह 7,655 करोड़ रुपए थी। सालाना आधार पर इसमें 22.6% की बढ़ोतरी है।

# पीएम मोदी ने एलन मस्क से की फोन पर बातचीत, प्रौद्योगिकी और नवाचार पर की गई चर्चा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने टेस्ला के मुखिया एलन मस्क से बातचीत की है। पीएम ने इस बारे में सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पोस्ट में बताया कि इस वर्ष की शुरूआत में वाशिंगटन डीसी में हमारी बैठक के दौरान शामिल किए गए विषयों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। हमने प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाओं पर चर्चा की। भारत इन क्षेत्रों में अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।पीएम ने एक्स पर एक अन्य पोस्ट में गुरु तेग बहादुर जी के पावन प्रकाश पर्व पर उन्हें अपनी विनम्र श्रद्धांजलि भी अर्पित की। पीएम ने बताया कि उनका जीवन साहस और करुणामय सेवा का प्रतीक है। अन्याय के खिलाफ लड़ने में वे अडिग थे। उनकी शिक्षाएं हमें उनकी ओर से देखे गए समाज के निर्माण में प्रेरित करती रहेंगी।इसके साथ ही पीएम ने अपने एक पोस्ट में एक और जानकारी दी है। पीएम ने बताया कि यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में गीता और नाट्यशास्त्र को शामिल किया गया है। पीएम ने कहा, ₹यह दुनिया भर में फैले हर भारतीय के लिए यह गर्व का क्षण है! यह हमारी शाश्वत बुद्धिमत्ता और समृद्ध संस्कृति को मिली वैश्विक मान्यता है। गीता और नाट्यशास्त्र ने सदियों से सभ्यता और चेतना का पोषण किया है। उनकी अंतर्दृष्टि दुनिया को प्रेरित करती रहती है।₹

# दो और स्वतंत्र निदेशकों का इस्तीफा, सह-संस्थापकों के खिलाफ सेबी की कार्रवाई शुरू होने के बाद फैसला

**नई दिल्ली।** संकटग्रस्त कंपनी जेनसोल इंजीनियरिंग के दो स्वतंत्र निदेशकों ने इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। कंपनी के संस्थापक और उनके भाई के खिलाफ सेबी की कार्रवाई के बाद कंपनी से अब तक तीन लोग बाहर हो चुके हैं। नियामकों ने कंपनी के सह-संस्थापकों पर धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है।

कंपनी पर आरोप है कि उसने अपनी इलेक्ट्रिक वाहन से जुड़ी अपनी एक सहयोगी कंपनी के लिए निर्धारित धन का इस्तेमाल एक लग्जरी अपार्टमेंट खरीदने के लिए किया।भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इस सप्ताह अनमोल जग्गी और उनके भाई पुनीत को शेयर बाजार से प्रतिबंधित कर दिया। सेबी ने सौर ऊर्जा कंपनी जेनसोल की फोरेंसिक ऑडिट का आदेश दिया, जिसने ब्लूस्मार्ट के लिए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदे थे।ब्लूस्मार्ट एक टैक्सी सेवा प्रदाता कंपनी है जिसे ऊबर का प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। इसकी सह-स्थापना अनमोल ने की थी, जो जेनसोल के प्रबंध निदेशक भी हैं। जेनसोल ने गुरुवार को कहा, ₹हर्ष सिंह और कुलजीत सिंह पोपली ने तत्काल प्रभाव से स्वतंत्र निदेशकों के पद से इस्तीफा दे दिया है।₹ इससे पहले कंपनी के एक अन्य स्वतंत्र निदेशक अरुण मेनन ने भी इस्तीफा दे दिया था।

पोपली ने अपने त्यागपत्र में कहा, ₹...जिस तरह से चीजें सामने आई हैं और प्रकाश में आई हैं, मैं स्वतंत्र निदेशक के रूप में बने रहने की स्थिति में नहीं हूं।₹ पोपली ने कहा, ₹मुझे उम्मीद थी कि कंपनी जो इतनी तेजी से बढ़ी है और जिसकी अच्छी प्रतिष्ठा और सद्भावना रही है, वह आगे भी बढ़ती रहेगी... और सामने आए गवर्नेंस संबंधी मुद्दों का समाधान किया जाएगा। हालांकि ऐसा नहीं हुआ। ब्लूस्मार्ट ने गुरुवार को यह भी कहा कि उसने अपने एप पर ₹बुकिंग अस्थायी रूप से बंद करने₹ के निर्णय के साथ अपने परिचालन को निलंबित कर दिया है। जेनसोल, अनमोल सिंह जग्गी और पुनीत सिंह जग्गी ने सेबी के आरोपों पर फिलहाल कोई जवाब नहीं दिया है।



पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के भांगर में वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ कोलकाता तक विरोध मार्च के दौरान भारतीय धर्मनिरपेक्ष मोर्चा (आईएसएफ) के सदस्यों द्वारा कथित तौर पर पुलिस वाहनों में आग लगा दी गई।

कूनो को बनाएंगे एक आदर्श वन्य पर्यटन स्थल, चीतों के दीदार के लिए कूनो आने वाले पर्यटकों को जल्द मिलेगी रोड-टू-एयर कनेक्टिविटी

# गांधीसागर की जलवायु चीतों के लिए अनुकूल, आज छोड़ेंगे चीते : सीएम

संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इको सिस्टम के प्रॉपर डेवलपमेंट के लिए मध्यप्रदेश में वृहद स्तर पर काम हो रहा है। वन्य पर्यटन हमारी अर्थव्यवस्था को गति देता है और अब यही हमारी समृद्धि का प्रवेश द्वार बन रहा है। हमारी सरकार कूनो राष्ट्रीय उद्यान को एक आदर्श वन्य प्राणी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेगी। प्रदेश में सिर्फ कूनो ही नहीं, अब मंदसौर जिले का गांधीसागर अभयारण्य भी चीतों से गुलजार होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से आगामी 20 अप्रैल को गांधी सागर अभयारण्य में चीते छोड़े जाएंगे। कड़ी सुरक्षा में कूनो नेशनल पार्क से 2 चीते शिफ्ट कर गांधीसागर अभयारण्य में ले जाये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कूनो नेशनल पार्क में पर्यटन तेजी से बढ़े, इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार ग्वालियर से कूनो के लिए डायरेक्ट रोड और एयर कनेक्टिविटी भी विकसित करने पर गंभीरता से विचार कर रही है।

**गुलजार**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव के साथ मध्यप्रदेश में चीता प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन संबंधी समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों द्वारा यह जानकारी दिए जाने पर हर्ष व्यक्त किया कि भारत (मध्यप्रदेश) में जन्में चीता शावकों की जीवन प्रत्याशा (सर्वाइवल रेट) पूरे विश्व में सर्वाधिक है। दूसरे देशों में चीता शावक जलवायु से अनुकूलन के अभाव में सर्वाइव नहीं कर पाते हैं। चीतों के लिए जरूरी जलवायु और वातावरण की दृष्टि से गांधीसागर अभयारण्य बेहद अनुकूल है, इसलिए सरकार यहां चीते छोड़कर इस अभयारण्य को भी चीतों से गुलजार करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्र सरकार के साथ मिलकर सबके सहयोग से हम चीतों का पुनर्वास करेंगे। ग्वालियर से कूनो नेशनल पार्क तक पक्की बारहमासी रोड बनाई जाएगी। कूनो में टेंट सिटी तैयार कर यहां आने वाले पर्यटकों को जंगल में प्रकृति के पास समय बिताने का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वन मंत्री श्री यादव की मंशा के अनुरूप हम कूनो प्रक्षेत्र में इंटरनेशनल लेवल का एक पशु चिकित्सालय और रेस्क्यू सेंटर भी खोलेंगे। इसके लिए केंद्र सरकार से भी मदद लेंगे। पशु चिकित्सालय के संचालन से कूनों के चीतों के इलाज के साथ-साथ इस पूरे क्षेत्र में गौवंश के उपचार में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के नेचर टूरिज्म सेक्टर में निहित असीम संभावनाओं को एक्सप्लोर करेगी। राज्य के अधिक से अधिक युवाओं और महिलाओं को वन्य पर्यटन से जोड़ेंगे। चीता मित्र और महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं को टूरिस्ट गाईड भी बनाएंगे, कूनो परिक्षेत्र में राज्य आजीविका विकास मिशन से दीदी कैफे संचालित किए जाएंगे, जिससे चीता मित्रों और महिलाओं को स्थानीय रोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराए जा सकें।



## सरकार किंग कोबरा और दुर्लभ प्रजाति के कछुओं का भी करेगी संरक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की धरती पर चीतों के पुनर्वास से एक सदी का इंतजार खत्म हुआ है। राज्य सरकार किंग कोबरा, घड़ियाल और दुर्लभ प्रजाति के कछुओं के संरक्षण के लिए भी प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार किंग कोबरा संरक्षण के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। प्रदेश के जंगलों में जहरीले सांपों की संख्या नियंत्रित करने के लिए किंग कोबरा को बसाना आवश्यक है। पहले चरण में 10 किंग कोबरा मध्यप्रदेश लाने पर विचार हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन अधिकारियों को चंबल नदी से घड़ियाल और कछुओं को प्रदेश की 4 बड़ी नदियों और जलाशयों में पुर्नवासित करने के निर्देश दिए।

## चीता मित्रों को प्रशिक्षित करने के लिए आईआईएफएम की लें सेवाएं : केन्द्रीय मंत्री श्री

केंद्रीय वन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के पर्यटन क्षेत्र में बड़ी क्षमताएं विद्यमान हैं। उन्होंने कूनो में चीतों के पुनर्वास और वन टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों की प्रशंसा की। केंद्रीय मंत्री श्री यादव ने वन्य प्राणियों के संरक्षण और पर्यटन को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में चल रहे वन्य प्राणियों की पुनर्वास परियोजनाओं की देखरेख के लिए वन, पर्यटन, पशु चिकित्सा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य एवं परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों का एक टास्क फोर्स बनाया जाए। यह टास्क फोर्स नियमित रुप से सभी प्रोजेक्ट्स की निगरानी करें। उन्होंने कहा कि श्योपुर जिले के 80 गांवों के 400 चीता मित्रों को प्रशिक्षित करने के लिए भारतीय वन प्रबंधन संस्थान (आईआईएफएम), भोपाल के साथ अनुबंध कर सकते हैं। चीता मित्रों को होम स्टे के लिए प्रशिक्षित कर उन्हें नेचर टूरिज्म के लिए तैयार करने की दिशा में भी कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही कूनो के आसपास स्थित ऐतिहासिक धरोहरों को पर्यटकों के लिए विकसित किया जाए। कूनो में मौजूद एक पुराने किले को हेरिटेज वॉक के रुप में विकसित किया जा सकता है।

## बोत्सवाना से दो चरण में लाए जाएंगे 8 चीते

बैठक में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की ओर से बताया गया कि देश में चीता प्रोजेक्ट पर अब तक 112 करोड़ रुपए से अधिक राशि व्यय की जा चुकी है। इसमें से 67 प्रतिशत राशि मध्यप्रदेश में हुए चीता पुनर्वास पर व्यय हुई है। प्रोजेक्ट चीता के तहत ही अब गांधीसागर अभयारण्य में भी चीते चरणबद्ध रुप से विस्थापित किए जाएंगे। गांधीसागर अभयारण्य राजस्थान की सीमा से लगा हुआ है, इसलिए अंतर्राज्यीय चीता संरक्षण परिसर की स्थापना के लिए मध्यप्रदेश और राजस्थान राज्य के बीच सैद्धांतिक सहमति बन चुकी है। अभी कूनो और गांधीसागर अभयारण्य में चीता मित्रों की क्षमता संवर्धन के लिए उन्हें विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना तथा केन्या से और अधिक चीते भारत लाने के लिए प्रयास जारी हैं। दो चरण में 8 चीते भारत लाए जाएंगे। मई 2025 तक बोत्सवाना से 4 चीते भारत लेकर आने की योजना है। इसके बाद 4 और चीते लाये जाएंगे। फिलहाल भारत और केन्या के बीच अनुबंध पर सहमति बनाई जा रही है। बैठक में वन अधिकारियों ने बताया कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान में वर्तमान में कुल 26 चीते हैं। इनमें से 16 चीते खुले जंगल में हैं और 10 पुनर्वास केंद्र में हैं। कूनो में चीतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यहां ज्वाला, आशा, गामिनी और वीरा मादा चीता ने शावकों को जन्म दिया है। चीतों की निगरानी के लिए सैटेलाइट कॉलर आईडी से 24 घंटे ट्रैकिंग की जा रही है।

# डीआईजी पर 5 लाख जुर्माना, हाईकोर्ट ने पूछा क्या ऐसे अधिकारी सेवा में रहने योग्य

संवाददाता ● भोपाल



मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने भोपाल डीआईजी मयंक अवस्थी पर बड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। डीआईजी पर दतिया जिले में 24 सितंबर 2017 में हुई एक हत्या के मामले में झूठी जानकारी देने और महत्वपूर्ण साक्ष्य छिपाने के आरोप में कोर्ट ने पांच लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही डीआईजी मयंक अवस्थी के खिलाफ विभागीय जांच और अवमानना की कार्रवाई शुरू करने के भी आदेश दिए हैं। हाई कोर्ट ने डीजीपी से पूछा, क्या ऐसे अधिकारी विभाग में बने रहने योग्य हैं? दरअसल, यह पूरा मामला दतिया जिले से जुड़ा हुआ है, जहां साल 2017 में दीपार थाना क्षेत्र में एक हत्या हुई थी। उस समय डीआईजी मयंक अवस्थी दतिया जिले के एसपी थे। हत्या के मामले में पुलिस ने मानवेंद्र गुर्जर को आरोपी बनाया गया था, लेकिन आरोपी मानवेंद्र ने दावा किया था कि उसे झूठा फंसाया जा रहा है। घटना तीन-चार दिन पहले की थी और घटना वाले दिन मृतक, घायल और जो गवाह हैं, वह सभी दतिया में नहीं बल्कि भिंड जिले के अमायन में मौजूद थे। मानवेंद्र ने मोबाइल टावर लोकेशन को आधार बनाकर दतिया जिले के सेवड़ा कोर्ट में अपनी मांग रखी थी। जिस पर न्यायालय ने पुलिस को टावर लोकेशन और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) सुरक्षित करने के निर्देश दिए थे। मामले में पुलिस ने कोर्ट पत्र देकर आश्वस्त किया था कि टावर लोकेशन और कॉल डिटेल सुरक्षित हैं, लेकिन कोर्ट के अंतिम ट्रायल में पुलिस ने कहा कि डेटा सुरक्षित नहीं किया गया। जिस पर साइबर सेल की तरफ से तर्क दिया गया कि दो साल से पुराना डेटा रिट्रीव नहीं हो सकता। इस पर कोर्ट ने दीपार थाने के तत्कालीन प्रभारी को तलब किया, लेकिन वह भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

**जुर्माना**

## 'अरबाज भाई हमारे बाप हैं' बार-बार कहलवाया

**भोपाल**। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बदमाशों के हौंसले इस कदर बुलंद हैं कि उनमें अब पुलिस का खौफ भी नहीं है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जहां बदमाशों ने एक नाबालिग को नग्न कर बेल्ट से उसकी जमकर पिटाई की। इतना ही नहीं उसके मुंह पर चप्पल भी मारी गई। पीड़ित ने वीडियो जारी कर पिस्टल दिखाकर अपहरण कर मारपीट करने के आरोप लगाए हैं। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने नाबालिग लड़के को नग्न कर बेल्ट से मारपीट करने का वीडियो भी बनाया है, जिसमें पीड़ित रोते हुए हाथ जोड़कर रहम की भीख मांग रहा है, लेकिन बदमाश उसे और मार रहे हैं। कभी बेल्ट से तो कभी चप्पल से मारते हुए दिखाई दे रहे हैं और पीड़ित बार-बार कह रहा है "अरबाज भाई हमारे बाप हैं।" आरोप है कि 16 वर्षीय नाबालिग को एमपी नगर क्षेत्र से बदमाश पिस्टल दिखाकर अपहरण कर कोकता क्षेत्र में लेकर गए, जहां उसको नग्न कर बेल्ट से मारपीट की गई। उसके मुंह पर चप्पलें मारी गईं और उससे अरबाज मेरा बाप है बुलवाया गया। पीड़ित ने वीडियो जारी कर कहा कि करीब 20 दिन पहले अरबाज शेख, शानू कोकता, अल्पाफ बांडीया सहित कई बदमाश उसे पिस्टल दिखाकर एमपी नगर से उठाकर कोलता क्षेत्र में ले गए थे।

**बदमाशों ने नाबालिग को निर्वस्त्र कर पीटा**

भोपाल के वीआईपी क्षेत्र में 'लैंड जिहाद..!'

# सरकारी मकान में मजार, हिंदू संगठनों में नाराजगी जताई

संवाददाता ● भोपाल



भोपाल के वीवीआईपी इलाके की 1250 क्वार्टर कहे जाने वाले इलाके में लगभग 90% सरकारी मकान बने हैं। इनमें क्लास वन से लेकर बाबू स्तर के तमाम सरकारी अधिकारी रहते हैं। ऐसे में इन्हीं सरकारी मकान की आंगन में बनी दों मजारों ने हिंदू संगठन की नाराजगी बढ़ा दी है। लोगों का कहना है कि मजार यहां सालों से बनी हैं। लेकिन हिंदू संगठन मान रहा है कि इस सरकारी मकान में रहने वाले मुस्लिम परिवार ने ही यह मजार बनाई है। यही वजह है कि प्रशासन से हिंदू संगठनों ने शिकायत भी की है। इसकी एक शिकायत कॉपी भी सामने आई है। इस पर जिला प्रशासन को जांच के बाद निर्णय लेना है।

**जांच**

बहरहाल इस मामले पर कई सवाल खड़े नजर आ रहे हैं, आखिर सरकारी जमीन पर सरकारी मकान के बीच किस तरह यह कब्र नुमा मजार तामील की गई? क्या तब सरकार के नुमाइंदों ने आपत्ति नहीं दर्ज कराई? अगर यह पुरानी मजार थी तो इसके बगल से सरकारी इमारत कैसे खड़ी कर दी गई? राजधानी भोपाल में सरकारी घर के बाहर मजार मिलने पर मंत्री कैलाश सारंग ने कहा कि हमने पहले भी लैंड जिहाद के खिलाफ कार्रवाई की है। लैंड जिहाद किसी भी स्तर पर किसी के भी द्वारा सहन नहीं किया जाएगा। इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा कि एसडीएम इस मामले की जांच कर रही है। यह आश्चर्यजनक विषय है, क्योंकि यह मकान 50 साल पुराने हैं। यहां सरकारी कर्मचारी रहते हैं। यह अगर सही है, पहले से अगर मजार होते तो यहां मकान क्यों बनाए जाते। अभी कुछ नहीं कह सकते क्योंकि जांच का विषय है। सरकारी मकान हैं तो तथ्य जांचने में कोई दिक्कत नहीं आएगी। मंत्री ने कहा कि यदि मकान के अंदर मजार मिल रहे हैं। इसका मतलब है मजार बाद में बनी है। वह आपत्तिजनक है। हम यह मानते हैं कि ऐसे इलाके में दफन करके मजार तो बनाई नहीं जा सकती। 50, 55 या 100 साल में तो ऐसा नहीं हुआ है। अगर यह लैंड जिहाद का मामला है तो बहुत गंभीर है। इसे सहन नहीं किया जाएगा। मंत्री सारंगी ने कहा कि हमने पहले भी लैंड जिहाद के खिलाफ कार्रवाई की है। लैंड जिहाद किसी भी स्तर पर किसी के भी द्वारा सहन नहीं किया जाएगा।

# डिंडौरी के उफरी गांव में नलों से पहुंचा घर-घर जल

संवाददाता ● डिंडौरी

मध्य प्रदेश के डिंडोरी जिले के करंजिया ब्लॉक का उफरी गांव, जहां कभी जलसंकट विकराल रूप ले लेता था, अब स्वच्छ पेयजल की सुविधा से आत्मनिर्भर हो चुका है। यह वही गांव है, जहां पानी की एक-एक बूंद के लिए ग्रामीणों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जहां महिलाओं और बच्चों का बड़ा हिस्सा अपने दिन का ज्यादातर समय पानी की व्यवस्था करने में ही गंवा देता था। अब यह सब बीते समय की बात हो गई है। गांव के बुजुर्ग गंगाराम बैगा ने बताया कि गर्मियों में पानी की इतनी दिक्कत थी कि कई बार हमें रात में भी पानी भरने जाना पड़ता था। कई बार तो ऐसा हुआ कि झिरियों से गंदा पानी पीने के कारण गांव के कई लोग बीमार पड़ गए। हमें कभी उम्मीद नहीं थी कि हमारे गांव में भी नल से पानी मिलेगा। अब हालात पूरी तरह बदल गए हैं। यह हमारे लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है। जल संकट से जूझ रहे इस गांव में पीएम जनमन योजना के साथ जल जीवन मिशन का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने यहां एक बड़ी पेयजल टंकी का निर्माण कराया, जिसके बाद पाइपलाइन से हर घर तक पानी पहुंचाया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य जनजातीय परिवारों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना था, ताकि उन्हें जल संकट से मुक्ति मिल सके। स्थानीय महिला सुकली बाई ने कहा कि पहले हमें रोज सुबह जल्दी उठकर पानी के लिए निकलना पड़ता था। कई बार रात में भी पानी भरना पड़ता था, क्योंकि सुबह भीड़ अधिक होती थी। हमारी पूरी दिनचर्या पानी पर निर्भर थी, खेती-किसानी और बच्चों की देखभाल भी पीछे छूट जाती थी। अब हमें यह चिंता नहीं रहती, अब समय बचता है और हम अन्य कामों पर ध्यान दे सकते हैं।

**ग्रामीण बोले-यह किसी चमत्कार से कम नहीं**

## 110 परिवारों के जीवन में बदलाव



लगभग 530 जनसंख्या वाले उफरी गांव में जल जीवन मिशन के तहत 110 परिवारों को घर-घर नल कनेक्शन दिए गए। अब ग्रामीणों को पीने के लिए साफ पानी उपलब्ध है, जिससे कई समस्याएं हल हो गई हैं। सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि अब बीमारियों का खतरा कम हो गया है। पहले दूषित पानी पीने के कारण गांव में डायरिया, पीलिया जैसी बीमारियां आम थीं, लेकिन अब स्वास्थ्य केंद्र में ऐसे मामलों में काफी कमी आई है। गांव के बुजुर्गों और युवाओं का कहना है कि यह सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि उनके जीवन को सरल और सुखद बनाने वाली क्रांतिकारी पहल है। ग्रामीणों ने इस बदलाव को हृदय से स्वीकार किया है और प्रधानमंत्री जनमन योजना को विकास का वह स्रोत माना है, जिसने उफरी को नई पहचान दी है। पानी की हर बूंद के साथ अब यहां विकास की नई लहर बह रही है।

## शिक्षक ने पिलाई बच्चों को देशी शराब वीडियो वायरल होने के पर मिली सजा

**कटनी**। शिक्षा के मंदिर में जब शिक्षक ही मर्यादा तोड़ दें तो समाज में शिक्षा की गरिमा को गहरा आघात पहुंचता है। ऐसा ही एक चौंकाने वाला मामला मध्य प्रदेश के कटनी जिले से सामने आया है। एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में शिक्षक नाबालिग बच्चों को देशी शराब पिलाता हुआ नजर आ रहा है। वायरल वीडियो लगभग 55 सेकंड का है, जिसमें आरोपी शिक्षक लाल नवीन प्रताप सिंह अपने घर में कई नाबालिग बच्चों के साथ बैठा दिखाई देता है। वीडियो में देखा जा सकता है कि वह बच्चों को पानी में मिलाकर देशी शराब पिला रहा है। वीडियो में 6 से अधिक नाबालिग लड़के मौजूद हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो उसी घर में मौजूद किसी शख्स ने चुपके से बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

संस्था वॉच लीग ने किया कार्यक्रम

# एक मंच पर इकट्ठा हुए पत्नियों से सताए पति, 'वैवाहिक आतंकवाद' का दिया नाम

संवाददाता ● भोपाल

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में वैवाहिक प्रताड़ना से जूझ रहे पति एक मंच पर इकट्ठे हुए और अपना दर्द बयां किया। इन पीड़ित पतियों के लिए काम करने वाली संस्था वॉच लीग ने इसे 'वैवाहिक आतंकवाद' का नाम दिया है। भोपाल में जुटे इन प्रताड़ित पतियों ने अपनी आप बीती सुनाई। संस्था की प्रमुख चांदना अरोरा ने बताया कि किस तरह से पतियों की प्रताड़ना के लिए पूरा रैकेट काम कर रहा है और पैकेज में इन पर मामले दर्ज करवाए जाते हैं।

**मामला**

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया, 'जो पति प्रताड़ित हैं उनमें से ज्यादातर सरकारी या अच्छी नौकरियों में हैं, जिन्हें उनकी पत्नियों और उनके घर वालों की तरफ से प्रताड़ित किया जा रहा है। पुरुष होने की वजह से एक विशेष नजर से हम लोगों को देखा जाता है और कई मामलों में इन्हें न्याय भी नहीं मिल पाता है, नतीजा है कि ऐसे लोग मानसिक, सामाजिक, और आर्थिक तौर पर प्रताड़ित हो रहे हैं।' भोपाल के रहने वाले आफताब अली ने बताया, '2009 में मेरी शादी हुई थी। 2017 से शादी के बाद मुझ पर मामले दर्ज होने शुरू हुए, जो 2019 से केस लगे। गोधरा गुजरात में मेरे खिलाफ केस लगाया। पहले केस लगाया कि मारपीट करके मैंने पत्नी को निकाल दिया। फिर मेंटेनेंस का केस लगाया। दूसरा मामला उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में लगाया।

जबकि जिस दिन मारपीट के आरोप मुझ पर लगाए गए हैं, उस दिन मैं भोपाल में था।' उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, 'उनकी एक ही मांग थी कि घर वालों से अलग हो जाओ। ये मंजूर नहीं किया, तो डिवोर्स दे दिया। हमारी अरैंज मैरिज थी। अब ये हालत हैं कि मैं अदालत की पेशी के लिए गुजरात से उत्तर प्रदेश भागता रहता हूं। आप सोचिए जिसे दिखाई नहीं देता, जो सहारा लेकर चलता हो, वो कैसे किसी को मार सकता है, लेकिन मारपीट की धाराएं लगी हैं। अब कोर्ट में मामला अटका है। तारीख पर बार-बार जाना वकील की फीस सब भुगत रहा हूं। पुलिस ने भी बिना जांचे मुझ पर एफआईआर कर दी।'



## 'पुरुष होने के कारण न्याय नहीं मिल पाता'

लीगल वॉच की चांदना अरोड़ा ने कहा, "ज्यादातर मामलों में पुरुष होने के कारण इन्हें न्याय नहीं मिल पाता है, हमारी मांग है कि झूठे मुकदमों पर सुनवाई करके जल्द मामले खत्म किए जाने चाहिए और राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर एक राष्ट्रीय पुरुष आयोग भी बने जो पुरुषों के मामले की भी सुनवाई करें।"

## '27 हजार कमाता हूं और 18 हजार पत्नी को दे देता हूं'

वाल्मीक अहीरे ने बताया, "शादी के बाद से ही उनकी पत्नी का उन पर अत्याचार कर रही है। पत्नी लगातार उनकी मां को वृद्धाश्रम भेजने की मांग करती रही। मैंने अपने परिवार को बचाने की बहुत कोशिश की लेकिन पत्नी ने मुझ पर झूठे आरोप लगाए और अब मैं 6 साल से लगातार कोर्ट कचहरी की केस झेल रहा हूं।" ऐसे ही एक पीड़ित एस यादव बताते हैं कि पत्नी ने उन पर झूठे केस लगा दिए और अब 50 हजार रुपए महीने और उनके खून पसीने से बनाए गए मकान की मांग कर रही है। उमेश सालोनिया की भी ऐसी ही कहानी है, शादी के बाद भी पत्नी का दूसरे मर्द के साथ संबंध था, उमेश ने परिवार को बचाने के लिए पत्नी को कई बार समझाने की कोशिश भी की, लेकिन पत्नी ने अपने परिवार वालों के साथ मिलकर उमेश पर झूठा मुकदमा दर्ज कर दिया और अब उमेश कोर्ट कचहरी के चक्कर काट रहे हैं, पत्नी 10 लाख रुपया और जेवर मांग रही है।

# पॉपकॉर्न लेकर हो जाएं तैयार, 'मेरे हसबैंड की बीवी' से 'खौफ'

## इस हफ्ते ओटीटी पर रिलीज होंगी ये सीरीज और फिल्में



अप्रैल का तीसरा वीक शुरू हो गया है और बीते हफ्ते 'छावा', 'छोरी 2' जैसी कई बड़ी फिल्में ओटीटी पर रिलीज हुई। अब इस वीक भी कई बेहतरीन फिल्में-सीरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दस्तक दे चुकी हैं और कुछ जल्द ही देने वाली हैं। इस लिस्ट में अर्जुन कपूर स्टारर 'मेरे हसबैंड की बीवी' समेत कई नाम शामिल हैं, जिन्हें दर्शक इस वीकेंड घर बैठे आराम से एन्जॉय कर सकते हैं। चलिए आपको बताते हैं कि कौन-कौन सी मूवीज और सीरीज वीकेंड पर देखी जा सकती हैं। 'द लास्ट ऑफ अस' एक काफी फेमस सीरीज है,



जिसका दूसरा पार्ट 14 अप्रैल को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो गया है। पहले सीजन के हिट होने के बाद अब दर्शक इसके दूसरे सीजन को भी काफी पसंद कर रहे हैं। ये सीरीज एक वीडियो गेम पर बनी है, जिसे जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। राजेश नायर के निर्देशन में बनी फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' में रवि किशन, प्रमोद पाठक समेत कई स्टार्स दिखाई दे रहे हैं और यह सीरीज 15 अप्रैल को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो गई है। इसे भी इस वीकेंड आराम से पॉपकॉर्न एन्जॉय करते हुए देखा जा सकता है। दिवंगत अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान स्टारर फिल्म 'लॉगआउट' भी इस वीक ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। ये सस्पेंस मूवी है, जिसमें दर्शकों को एक सोशल मीडिया स्टार की स्टोरी देखने को मिलेगी। कैसे एक फैन एक स्टार का फोन हैक कर लेता है और उसके बाद उसकी लाइफ में तहलका मच जाता है। इसे 18 अप्रैल को जी5 पर देखा जा सकता है। अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' फरवरी में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म को दर्शकों से कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला और अब यह मूवी ओटीटी पर रिलीज होने के लिए तैयार है। इसे कल यानी 18 अप्रैल को डिजिटल प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। पंकज कुमार और सूर्या बालाकृष्णन के निर्देशन में बनी सीरीज 'खौफ' भी 18 अप्रैल को ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार है।

## मुंह तोड़ दूंगी शो में आते ही निया शर्मा का बवाल

कलर्स टीवी के कुकिंग रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ 2' में निया शर्मा की धमाकेदार वापसी हो चुकी है और आते ही उन्होंने इस शो में अपना दबंग अंदाज दिखाना शुरू कर दिया है। जहां निया के फैंस उनकी वापसी से बेहद खुश हैं, वहीं शो के कुछ नए कंटेस्टेंट्स के लिए वो मुसीबत बनती दिख रही हैं। इन नए कंटेस्टेंट में से एल्विश यादव पर निया ने सबसे पहले निशाना साधा है। जी हां,बिग बॉस ओटीटी 2 के विनर पर ही सबसे पहले 'सुहागन चुड़ैल' एक्ट्रेस का गुस्सा फूट पड़ा। कलर्स टीवी के सोशल मीडिया पर शेयर किया गया 'लाफ्टर शेफ' का वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो में निया शर्मा गुस्से से लाल दिखाई दे रही हैं। दरअसल निया की टेबल से खाने का कुछ सामान गायब हो गया है। जैसे कि इस कुकिंग कॉमेडी शो में अक्सर होता है, कंटेस्टेंट्स एक-दूसरे के सामान पर हाथ साफ करते नजर आते हैं। लेकिन इस बार निया अपने खाने की चोरी करने वाले को कड़ी चेतावनी देती हुई नजर आ रही हैं। प्रोमो में निया शर्मा चिल्ला चिल्ला कर ये कह रही हैं कि हमारा ब्रेड कौन लेकर गया? मुंह तोड़ दूंगी मैं घूंसा मार के। इसके बाद निया सीधे एल्विश यादव की तरफ बढ़ती हैं और कहती हैं, "एल्विश, तुम्हें क्या लगता है कि मैं तुमसे डर गई हूं, ब्रो? मेरी ब्रेड वापस करो। मैंने तुम्हें चोरी करते हुए देखा है।" निया के ये तेवर देख कुछ समय के लिए एल्विश भी दंग रह जाते हैं। एल्विश अपनी सफाई में कहते हैं, "मेरी तलाशी ले लो आप।" इस पर निया और भी तेज आवाज में कहती हैं, "एल्विश, मेरा ब्रेड और बटर वापस दो!" एल्विश पलटकर पूछते हैं, "बटर भी चाहिए आपको साथ में? बटर कहां से लाऊं?" इस गरमा गरम माहौल को देखकर कृष्णा अभिषेक मस्ती के मूड में आ जाते हैं और कहते हैं, "अरे कौन कहता है कि एल्विश के आगे कोई बोल सकता है क्या? ये लड़की तो आकर सीधा बोलना शुरू कर दी है।"

## आमिर की गर्लफ्रेंड गौरी संग वायरल हुई जुनैद की तस्वीर

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में बने हुए हैं। आमिर को तीसरी बार प्यार हुआ है। एक्टर ने अपने 69वें जन्मदिन पर अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट को मीडिया से इंट्रोड्यूस कराया था। इसी के बाद से ही दोनों की तस्वीरें और वीडियो लगातार सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इसी बीच अब आमिर और गौरी की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस तस्वीर में गौरी, आमिर के बेटे जुनैद खान के पोज देती नजर आ रही हैं। दरअसल, आमिर खान और उनकी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट की तस्वीर को शिखर धवन की रूमर्ड गर्लफ्रेंड सोफी शिने ने अपने इंस्टाग्राम शेयर की है। सोफी के शेयर करते ही ये तस्वीर इंटरनेट पर वायरल हो गई है। इसमें आमिर और गौरी के साथ जुनैद खान भी नजर आ रहे हैं। तस्वीर में आमिर ने ग्रे कलर का कुर्ता और ब्लू जीन्स पहने दिख रहे हैं। वहीं, गौरी ने व्हाइट कलर का कुर्ते के साथ ब्लैक पैंट कैरी किया, जिसमें वो बेहद प्यारी लग रही हैं। तस्वीर में जुनैद खान भी अपने पापा आमिर और गौरी के साथ पोज देते हुए एक प्यारी सी स्माइल करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान जुनैद ब्लैक टीशर्ट और बेज पैंट पहने कैजुअल लुक में दिख रहे हैं। एक ही फ्रेम में सारे लोग काफी अच्छे दिख रहे हैं। वहीं, पिंक टीशर्ट और व्हाइट पैंट में शिखर धवन और क को-ऑर्ड सेट में उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड सोफी शिने बेहद स्टाइलिश नजर आ रही हैं।




## मैं काफी खुश हुई थी पहली मुलाकात के लिए पूजा हेगड़े से फिल्म के डायरेक्टर ने की थी ये खास रिक्वेस्ट

साउथ एक्टर सूर्या और पूजा हेगड़े स्टारर मोस्टअवेटेड फिल्म 'रेट्रो' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। जिसे लोग काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। ट्रेलर के सामने आने के बाद से सभी इस फिल्म के लिए काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। इसी बीच पूजा ने भी फिल्म के एक्साइटमेंट और ज्यादा बढ़ाने के लिए 'रेट्रो' के डायरेक्टर से अपनी पहली मुलाकात का किस्सा शेयर किया है। इस फिल्म में एक्ट्रेस ने विंटेज लड़की के किरदार में नजर आ रही हैं। कार्तिक सुब्बाराज के डायरेक्शन में बनी 'रेट्रो' को लेकर काफी ज्यादा बज बना हुआ है। फिल्म में सूर्या 80 के दशक के एक्टर के तौर पर दिख रहे हैं। ये फिल्म एक लव स्टोरी है, जिसमें कमाल के वायलेंस का तड़का लगाया गया है। ये फिल्म 1 मई को रिलीज होगी, जिसके लिए टीम प्रमोशन में लगी हुई है। हालांकि, इसी बीच एक्ट्रेस ने फिल्म के लिए डायरेक्टर से होने वाली पहली मुलाकात का किस्सा शेयर किया है। पूजा ने गुल्टे से बातचीत के दौरान बताया कि फिल्म के नरेशन के लिए जब वो पहली बार कार्तिक सुब्बाराज से मिलने वाली थीं, तो डायरेक्टर ने उन्हें बिना मेकअप और हेयरस्टाइल के आने को कहा था। एक्ट्रेस ने बताया कि उनकी ये बात सुनने के बाद मैं काफी खुश हुई थी, क्योंकि मुझे ऐसी फिल्मों में काम करना पसंद जिसमें नेचुरल लुक की जरूरत हो। फिल्म में पूजा ने रुक्मिणी का किरदार निभाया है।

## रंग रूप में अप्सरा, लेकिन प्यार ने किया बदनाम

### भोजपुरी एक्ट्रेस ने फिर अपनी दम पर बनाया नाम, आज करती हैं राज



भोजपुरी सिनेमा में सबसे खूबसूरत और पॉपुलर एक्ट्रेस की बात की जाएगी तो अक्षरा सिंह का नाम सबसे पहले आएगा। रंग रूम में अप्सरा दिखने वाली ये भोजपुरी हीरोइन अपनी पहली ही फिल्म से छा गई थी। अब 15 साल के करियर में अक्षरा सिंह ने शोहरत का एक खास मुकाम हासिल कर लिया है। कई सुपरहिट फिल्में दे चुकीं अक्षरा सिंह अपने प्यार के लिए भी बदनाम रही हैं। भोजपुरी के ही सुपरस्टार पवन सिंह के साथ अक्षरा का रिलेशनशिप रहा था। हालांकि अक्षरा का प्यार परवान नहीं चढ़ा और बाद में उनका ब्रेकअप हो गया। ब्रेकअप के बाद अक्षरा ने हार नहीं मानी और अपने दम पर आज सुपरस्टार बन गई हैं। अक्षरा सिंह आज भले ही भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की सुपरस्टार हैं लेकिन कभी यहां खूब मेहनत भी कर चुकी हैं। 30 अगस्त 1993 को पटना में जन्मी अक्षरा सिंह फिल्मी परिवार से आती हैं। अक्षरा की मां भी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में एक्ट्रेस रही हैं। अक्षरा ने साल 2010 में आई फिल्म 'सत्य मेव जयते' से अपने करियर की शुरुआत की थी। अपनी पहली ही फिल्म से अक्षरा सिंह पर्दे पर छा गई थीं। इसके बाद अक्षरा ने एक के बाद एक धड़ाधड़ शानदार फिल्में दी हैं। अक्षरा ने चंद साल में ही भोजपुरी फिल्मी दुनिया में एक खास मुकाम हासिल कर लिया। अक्षरा सिंह अब तक अपने करियर में 34 से ज्यादा फिल्मों और गानों में अपनी अदाओं का तड़का लगा चुकी हैं। अक्षरा की कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर भी सुपरहिट रही हैं। लेकिन अक्षरा फिल्मों के साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोर चुकी हैं। अक्षरा सिंह को भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह से प्यार हो गया था। दोनों लंबे समय तक रिलेशनशिप में भी रहे थे। लेकिन बाद में दोनों ने ब्रेकअप कर लिया। अपने इस रिलेशनशिप को लेकर अक्षरा भी खुलकर बात कर चुकी हैं। बीते कुछ समय पहले अक्षरा सिंह ने यूट्यूबर शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट में इसको लेकर खुलकर बात भी की थी। जिसमें अक्षरा ने बताया कि करीब 1 साल तक वे पवन सिंह के साथ रिलेशनशिप में रही थीं। इतना ही नहीं अक्षरा सिंह ने इस दौरान काफी कुछ सहा था।



## उर्वशी के नाम पर उत्तराखंड में मंदिर, झूठी निकली एक्ट्रेस

एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला कई बार अपने कंट्रोवर्शियल बयानों को लेकर चर्चा में रहती हैं। अब हाल ही में उन्होंने मंदिर को लेकर एक टिप्पणी की थी जिसकी वजह से उन्हें फिर से आलोचना का शिकार होना पड़ा। उनकी हालिया टिप्पणी ने उत्तराखंड में बद्रीनाथ के आसपास के पुजारियों और निवासियों के बीच आक्रोश पैदा कर दिया है। दरअसल अपने एक उर्वशी ने दावा किया कि पवित्र बद्रीनाथ धाम के पास स्थित बामनी में एक मंदिर उनके नाम पर बनाया गया है। उनका यह बयान स्थानीय समुदाय को पसंद नहीं आया। सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में उर्वशी ने कहा, 'उत्तराखंड में मेरे नाम पर एक मंदिर है। अगर कोई बद्रीनाथ जाता है, तो उसके ठीक बगल में एक 'उर्वशी मंदिर' है।' उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र सहित भक्त इस मंदिर में आते हैं, उनकी तस्वीरों पर माला चढ़ाते हैं और उन्हें 'दमदमामाई' भी कहते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, 'मैं इस बारे में गंभीर हूं। यह सच है। इस बारे में समाचार लेख भी हैं। आप उन्हें पढ़ सकते हैं। हालांकि, उनके इस दावे पर धार्मिक हस्तियों और ग्रामीणों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, बद्रीनाथ धाम के पूर्व धार्मिक अधिकारी और स्थानीय पुजारी भुवन चंद्र उनियाल ने इस बयान को भ्रामक और तथ्यात्मक रूप से गलत बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उर्वशी मंदिर का अभिनेत्री से कोई संबंध नहीं है, बल्कि यह एक प्राचीन पूजा स्थल है, जिसके बारे में माना जाता है कि यह देवी उर्वशी को समर्पित है, जो हिंदू पौराणिक कथाओं में एक दिव्य व्यक्तित्व हैं, तथा कुछ किंवदंतियों में देवी सती का एक रूप हैं। उनियाल ने कहा,'मंदिर हमारी पवित्र परंपराओं का हिस्सा है और इसे 108 शक्तिपीठों में गिना जाता है।' उन्होंने आगे मांग की कि अभिनेत्री के खिलाफ एक प्रतिष्ठित धार्मिक स्थल के साथ अपनी पहचान जोड़ने की कोशिश करने के लिए सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उर्वशी ने अभी तक इस विवाद पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। वहीं वर्कफ्रंट की बात करें तो एक्ट्रेस हाल ही में सनी देओल और रणदीप हुड्डा की फिल्म जाट के एक गाने में नजर आई थीं।


## पत्नी रुबीना दिलैक के सपोर्ट में आए अभिनव शुक्ला

### आसिम रियाज के बर्ताव पर खड़े किए सवाल



बिग बॉस 13 की विनर रुबीना दिलैक इन दिनों कई रियलिटी शोज में नजर आ रही हैं। कलर्स टीवी के कुकिंग शो लाफ्टर शेफ्स 2 में नजर आने के बाद अब एक्ट्रेस बैटलग्राउंड शो में टीम लीडर बन गई हैं। रुबीना अपनी एक्टिंग से टीवी लवर्स के दिलों पर लंबे समय से राज करती नजर आ रही हैं। अब वह अपने लेटेस्ट शो को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में शो के दूसरे टीम लीडर आसिम रियाज ने एक्ट्रेस के ऊपर तंज कसा था। इसके ऊपर अब एक्ट्रेस के पति अभिनव शुक्ला का बयान सामने आया है। टीवी के क्यूट कपल की लिस्ट में अभिनव शुक्ला और रुबीना दिलैक का नाम शामिल किया जाता है। बिग बॉस के बाद दोनों के रिश्ते में और ज्यादा मजबूती आई है। हाल ही में अभिनव ने बैटलग्राउंड शो में आसिम रियाज के कमेंट पर रिएक्शन दिया है। अभिनेता अभिनव शुक्ला ने अपनी वाइफ और एक्ट्रेस रुबीना दिलैक को सपोर्ट करते हुए आसिम रियाज के बर्ताव पर सवाल खड़े किए हैं। दरअसल, आसिम ने रुबीना दिलैक की भागीदारी पर सवाल उठाया था। इस फिटनेस शो में दोनों ही टीम लीडर की भूमिका में हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दोनों के बीच की जुबानी जंग के कारण शो की शूटिंग को बीच में रोका गया। इसके बाद सभी स्टार्स को वैनिटी में भेजा गया। अब आसिम रियाज के बारे में एक फैन ने अभिनव से उनके यूट्यूब व्लॉग के कमेंट में सवाल किया। इसके ऊपर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनव ने लिखा, 'आसिम के पास सिर्फ दवाइयों से फूले हुए मसल्स हैं, ना दिमाग है ना सही रवैया, जो फिटनेस की पहचान बिल्कुल नहीं है।' उन्होंने ये भी कहा कि असली फिटनेस सिर्फ शरीर से नहीं, बल्कि सोच, अनुशासन और व्यवहार से तय होती है।

## केएल राहुल-अथिया ने बताया बेटी का खूबसूरत नाम, पहली झलक में बाहों में खिली लाड़ली



भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी केएल राहुल और अथिया शेट्टी बीते दिनों ही न्यू पेरेंट्स बने थे। इसी के साथ ही दोनों रणबीर कपूर-आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण-रणवीर सिंह वाले मम्मी-पापा क्लेन में शामिल हो गए थे। आलिया, दीपिका की तरह ही अथिया शेट्टी बेटी की मां बनीं। उन्होंने क्यूट सी बेबी गर्ल को जन्म दिया। परिवार में किरकारी गूजने से केएल राहुल से लेकर सुनील शेट्टी तक उत्साहित हो उठे। अब इस बेबी गर्ल की झलक के साथ ही केएल राहुल और अथिया शेट्टी ने बेटी का नाम दुनिया को बता दिया है। ये कहना गलत नहीं होगा कि सुनील शेट्टी की नातिन का नाम काफी ज्यादा यूनिक है, चलिए आपको नाम के साथ ही इसका मतलब भी बताते हैं। केएल राहुल के जन्मदिन के खास मौके पर पर अथिया शेट्टी ने अपनी बेटी की पहली झलक दुनिया को दिखाई है। इसके साथ ही उन्होंने बेटी का नाम भी बता दिया है। सामने आए इस पोस्ट में एक खास तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें केएल राहुल अपनी बेटी को गोद मे लिए नजर आ रहे हैं और सामने खड़ी अथिया उसे हल्के हाथों से छू रही हैं। तस्वीर काफी प्यारी है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में बेटी के नाम का खुलासा किया, जो कि इवार है।

### बटलर 97 रन बनाकर नाबाद लौटे

# गुजरात टाइटंस ने सात विकेट से जीता मुकाबला

**एजेंसी ● अहमदाबाद**

गुजरात टाइटंस ने जोस बटलर और शेरफाने रदरफोर्ड के बीच शतकीय साझेदारी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से हराया। बटलर हालांकि, शतक पूरा नहीं कर सके और 97 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे। जोस बटलर और शेरफाने रदरफोर्ड की शानदार साझेदारी की मदद से गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से हराया। दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 203 रन बनाए थे। जवाब में बटलर ने 54 गेंदों पर 11 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 97 रन बनाए जिससे गुजरात ने 19.2 ओवर में तीन विकेट पर 204 रन बनाकर मैच जीत लिया।

गुजरात की ओर से राहुल तेवतिया ने चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। हालांकि, बटलर शतक लगाने से चूक गए। लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी और उसने जल्द ही कप्तान शुभमन गिल का विकेट गंवा दिया था। गिल सात रन बनाकर रन आउट हो गए। इसके बाद साई सुदर्शन और बटलर ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े और टीम को संभाला। सुदर्शन अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन 21 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 36 रन बनाकर आउट हुए। फिर बटलर और रदरफोर्ड ने बेहतरीन बल्लेबाजी कर दिल्ली के गेंदबाजों को जमकर परेशान किया। बटलर और रदरफोर्ड ने तीसरे विकेट के लिए 119 रनों की साझेदारी की।

रदरफोर्ड इस मैच में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे थे और अंत में मुकेश कुमार की गेंद पर आउट हुए। रदरफोर्ड ने 34 गेंदों पर एक चौका और तीन छक्कों की मदद से 43 रन बनाए। रदरफोर्ड के आउट होने के बाद मैच रोमांचक स्थिति में पहुंच गया था। गुजरात को आखिरी ओवर में जीत के लिए 10 रन की जरूरत थी और क्रीज पर तेवतिया मौजूद थे। तेवतिया ने मिचेल स्टार्क की पहली गेंद पर छक्का लगाया और दूसरे गेंद पर चौका जड़कर मैच खत्म कर दिया। तेवतिया तीन गेंदों पर 11 रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली के लिए कुलदीप यादव और मुकेश कुमार को एक-एक विकेट मिले। गुजरात टाइटंस को शेरफाने रदरफोर्ड के रूप में तीसरा झटका लगा है। रदरफोर्ड और बटलर के बीच तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई। रदरफोर्ड 34 गेंदों पर एक चौका और तीन छक्के की मदद से 43 रन बनाकर आउट हुए।

गुजरात ने 19 ओवर की समाप्ति के बाद तीन विकेट पर 194 रन बना लिए हैं। उसे अब जीत के लिए छह गेंद पर 10 रन बनाने हैं।



दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस का स्कोर 160 रन के पार पहुंच गया है। बटलर और रदरफोर्ड के बीच 90 से ज्यादा रनों की साझेदारी हो चुकी है। गुजरात ने 16 ओवर की समाप्ति तक दो विकेट पर 165 रन बना लिए हैं। गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज जोस बटलर ने 32 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। इसके साथ ही उन्होंने रदरफोर्ड के साथ तीसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी भी पूरी कर ली है। गुजरात ने 13 ओवर की समाप्ति तक दो विकेट पर 128 रन बनाए हैं। गुजरात टाइटंस का स्कोर 100 रन के पार पहुंच गया है। गुजरात ने 12 ओवर की समाप्ति के बाद दो विकेट पर 110 रन बना लिए हैं। क्रीज पर जोस बटलर के साथ शेरफाने रदरफोर्ड मौजूद हैं। रदरफोर्ड इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे हैं। गुजरात टाइटंस को साई सुदर्शन के रूप में दूसरा झटका लगा है। सुदर्शन और बटलर के बीच अच्छी साझेदारी चल रही थी, लेकिन सुदर्शन 21 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 36 रन बनाकर आउट हुए।

दिल्ली के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने छह ओवर की समाप्ति के बाद एक विकेट पर 67 रन बना लिए हैं। बटलर और सुदर्शन के बीच दूसरे विकेट के लिए 50+ रनों की साझेदारी भी पूरी हो चुकी है। गुजरात टाइटंस का स्कोर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 40 के पार पहुंच गया है। गुजरात ने गिल का विकेट जल्दी गंवा दिया था, लेकिन साई सुदर्शन और जोस बटलर ने टीम को संभाले रखा जिससे गुजरात का स्कोर चार ओवर की समाप्ति के बाद एक विकेट पर 41 रन है। गुजरात टाइटंस को कप्तान शुभमन गिल के रूप में पहला झटका लगा। गिल पांच गेंदों पर एक चौके की मदद से सात रन बनाकर आउट हुए। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस की बल्लेबाजी शुरू हो गई है। दिल्ली ने गुजरात के सामने जीत के लिए 204 रनों का लक्ष्य रखा है।

गुजरात के लिए कप्तान शुभमन गिल के साथ साई सुदर्शन बल्लेबाजी के लिए उतरे हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस के सामने जीत के लिए 204 रनों का लक्ष्य रखा है। गुजरात ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का लिया था और दिल्ली ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 203 रन बनाए। दिल्ली ने इस मैच के लिए जैक फ्रेजर मैकगर्क को प्लेइंग-11 में मौका नहीं दिया था और अभिषेक पोरेल के साथ करुण नायर पारी की शुरूआत करने आए। अभिषेक ने टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई, लेकिन अरशद खान ने पोरेल को आउट किया। पोरेल नौ गेंदों पर 18 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

दिल्ली के लिए कप्तान अक्षर पटेल ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाए। हालांकि, अंत में आशुतोष शर्मा ने 19 गेंदों पर दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 37 रन बनाए जिससे टीम 200 रनों का आंकड़ा पार करने में सफल रही। गुजरात की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने शानदार गेंदबाजी की और चार ओवर में 41 रन देकर चार विकेट लिए। प्रसिद्ध फिलहाल पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने पोरेल और केएल राहुल के विकेट जल्दी गंवा दिए थे। केएल राहुल 10 साल बाद आईपीएल में तीसरे स्थान पर बल्लेबाजी करने उतरे, लेकिन 28 रन बनाकर आउट हुए। इस्के बाद करुण नायर भी 18 गेंदों पर 31 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। कप्तान अक्षर ने फिर ट्रिस्टन स्टब्स के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी निभाई, लेकिन सिराज ने स्टब्स को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। स्टब्स 21 गेंदों पर 31 रन बनाकर पवेलियन लौटे। मिचेल स्टार्क दो रन और कुलदीप यादव चार बनाकर नाबाद लौटे।

## श्रेयस ने इस गेंदबाज को बताया सर्वश्रेष्ठ, बेंगलुरु के खिलाफ तीन ओवर में 11 रन देकर झटके थे दो विकेट

**एजेंसी ● बेंगलुरू**

आईपीएल 2025 में शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पंजाब किंग्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा। चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में बेंगलुरु की टीम बारिश से बाधित मैच में 14 ओवर में नौ विकेट पर 95 रन ही बना सकी। जवाब में पंजाब ने पांच विकेट गंवाकर 12.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत से खुश पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने युजवेंद्र चहल को आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक बताया है।

श्रेयस ने कहा कि उन्होंने इस लेग स्पिनर से मैच से पहले बातचीत की और उन्हें रन जाने की चिंता करने के बजाय विकेट लेने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी थी।चहल मौजूदा आईपीएल में शुरू में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे, लेकिन उन्होंने अब अपनी लय हासिल कर ली है। आरसीबी के खिलाफ खेले गए मैच में उन्होंने रजत पाटीदार और जितेश शर्मा के विकेट लेकर पंजाब की पांच विकेट से जीत में अहम भूमिका निभाई। चहल ने तीन ओवर में 11 रन देकर दो विकेट झटके। अय्यर ने मैच के बाद कहा, 'मैंने निजी तौर पर चहल से बात की। मैंने उनसे कहा कि आप मैच विजेता हैं और आपको जितना संभव हो हमारे लिए विकेट हासिल करने हैं।


आपको रक्षात्मक रवैया अपनाने की जरूरत नहीं है और आप वापसी करने की क्षमता रखते हो। हम एक लेग स्पिनर के तौर पर उनकी इसी बात के लिए प्रशंसा करते हैं।'उन्होंने कहा, 'चहल आईपीएल में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं, शायद आईपीएल में अब तक का सबसे अच्छे गेंदबाज हैं। आपको हर समय उसका समर्थन करना होगा।' पंजाब की तरफ से रन चेज में नेहल वढेरा ने 19 गेंद पर 33 रन की मैच विजेता पारी खेली।

### बेहाल दिखे ईशांत शर्मा और अक्षर पटेल

# अहमदाबाद में भीषण गर्मी से खिलाड़ियों को हुई दिक्कत

**एजेंसी ● अहमदाबाद**

गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल 2025 का मुकाबला खेला जा रहा है। मैच के दौरान कई खिलाड़ी अहमदाबाद की भीषण गर्मी से परेशान दिखे। गुजरात के तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल गर्मी से बेहाल नजर आए जिससे मैच के दौरान दिक्कतों का सामना करना पड़ा। टॉस के दौरान जब कमेंटेटर रवि शास्त्री और शुभमन गिल चर्चा कर रहे थे, उस वक्त अहमदाबाद का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस था।



ईशांत शर्मा गर्मी से इस तरह बेहाल नजर आए कि उन्हें फिजियो की मदद से मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। ईशांत बिल्कुल भी गर्मी बर्दाशत नहीं कर पा रहे थे और वह बाउंड्री लाइन के पार बैठे नजर आए। इस दौरान उनके साथ गुजरात टाइटंस के कोचिंग स्टाफ भी मौजूद रहे। ईशांत के अलावा अक्षर पटेल भी बल्लेबाजी के दौरान गर्मी से परेशान नजर आए। उन्हें गर्मी से क्रैंप भी आए जिस कारण वह फिजियो के साथ समय बिताते दिखे। मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले प्रसिद्ध कृष्णा को भी गर्मी के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ब्रेक के दौरान अक्षर बड़े से छाते के नीचे भी बैठे नजर आए थे जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उन्हें कितनी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस के सामने जीत के लिए 204 रनों का लक्ष्य रखा। गुजरात ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का लिया था और दिल्ली ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 203 रन बनाए। दिल्ली के लिए कप्तान अक्षर पटेल ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाए। हालांकि, अंत में आशुतोष शर्मा ने 19 गेंदों पर दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 37 रन बनाए जिससे टीम 200 रनों का आंकड़ा पार करने में सफल रही। गुजरात की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने शानदार गेंदबाजी की और चार ओवर में 41 रन देकर चार विकेट लिए।

## आईपीएल में डेब्यू करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने 14 साल के वैभव सूर्यवंशी

### सैमसन की जगह मिला मौका



**एजेंसी ● लखनऊ**

लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को डेब्यू का मौका दिया। इसी के साथ वह आईपीएल में डेब्यू करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्हें राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन की जगह प्लेइंग 11 में शामिल किया गया जो चोट के कारण नहीं खेल रहे हैं।वैभव आईपीएल में डेब्यू करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्होंने 14 वर्ष 23 दिन की उम्र में डेब्यू किया है। इस मामले में उन्होंने प्रयास रे बर्मन को पीछे छोड़ा जिन्होंने 16 वर्ष 157 दिन की उम्र में डेब्यू किया था। आईपीएल 2025 के लिए पिछले साल हुई मेगा नीलामी में वैभव सूर्यवंशी को राजस्थान रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपये में खरीदा था। इस खिलाड़ी का आधार मूल्य 30 लाख रुपये था और वह अपने बेस प्राइस से लगभग चार गुना ज्यादा दाम पर बिके। वह आईपीएल नीलामी इतिहास में बिकने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए थे। बिहार के वैभव ने सिर्फ 13 साल और 242 दिनों की उम्र में आईपीएल नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए सबसे कम उम्र के खिलाड़ी के रूप में इतिहास रच दिया था।

सूर्यवंशी की क्रिकेट यात्रा नौ साल की उम्र में शुरू हुई, जब उन्हें अपने पिता संजीव सूर्यवंशी से शुरूआती कोचिंग मिली। क्रिकेट के प्रति उनके पिता के जुनून और खुद उनके समर्पण ने वैभव को इतनी कम उम्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया, जिससे वह भारतीय क्रिकेट में एक होनहार प्रतिभा बन गए।

### रणजी में भी कर चुके डेब्यू

वैभव वही बल्लेबाज हैं जिन्होंने रणजी ट्रॉफी 2024 में महज 12 साल और 284 दिन की उम्र में डेब्यू किया था। वह ऐसा करने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी बने थे। उन्होंने सचिन तेंदुलकर सहित कई खिलाड़ियों का रिकॉर्ड तोड़ा था। सचिन बेहद कम उम्र में रणजी क्रिकेट में बड़ा नाम बन गए थे और भारत की युवा टीम में भी जगह बनाई थी।

## दिल्ली के खिलाफ 20वां ओवर डालने आए साई किशोर, 15 साल बाद हुआ ऐसा; जयसूर्या-रोहित की सूची में शामिल

**एजेंसी ● अहमदाबाद**

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज 20वां ओवर डालने आए। दरअसल, 19 ओवर की समाप्ति तक गुजरात के सभी नियमित गेंदबाजों का कोटा पूरा हो चुका था जिस कारण शुभमन गिल ने सुदर्शन को गेंद थमाई जो अपना पहला ओवर डालने आए। आईपीएल में यह तीसरी बार हुआ है जब पहली पारी में किसी स्पिनर को आखिरी ओवर में जाकर अपने स्पैल का पहला ओवर करने का मौका मिला। दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस के सामने जीत के लिए 204 रनों का लक्ष्य रखा है। गुजरात ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का लिया था और दिल्ली ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 203 रन बनाए। गुजरात की ओर से प्रसिद्ध कृष्णा ने शानदार गेंदबाजी की और चार ओवर में 41 रन देकर चार विकेट लिए। प्रसिद्ध फिलहाल पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं।



आईपीएल में इससे पहले ऐसा 2009 और 2010 में हुआ था जब 20वां ओवर डालने के लिए सनथ जयसूर्या और रोहित शर्मा को बुलाया गया था। 2009 में राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस के बीच मैच में जयसूर्या 20वां ओवर डालने आए थे जो उनका पहला ओवर था। जयसूर्या ने तीन रन देकर दो विकेट झटके थे। वहीं, डेक्कन चार्जर्स के लिए खेलते हुए 2010 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ रोहित ने पहली पारी का आखिरी ओवर डाला था। रोहित को इस कारण गेंदबाजी मिली थी क्योंकि जसकरण सिंह ने लगातार दो नो बॉल फेंकी थी। रोहित ने 14 रन दिए थे, लेकिन ओवर से कुल 20 रन आए थे। अब 15 साल बाद साई किशोर भी मैच का अपना पहला ओवर डालने 20वें ओवर में आए। उन्होंने नौ रन देकर एक विकेट लिया। यह दूसरी बार है जब दिल्ली कैपिटल्स के लिए कोई बल्लेबाज अर्धशतक नहीं लगा सका, लेकिन टीम ने 200 रनों का आंकड़ा पार किया। इससे पहले दिल्ली ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 2022 में मुंबई में खेले गए मैच में आठ विकेट पर 207 रन बनाए थे और उस वक्त भी टीम के लिए कोई बल्लेबाज 50+ स्कोर नहीं बनाया पाया था। दिल्ली के लिए कप्तान अक्षर पटेल ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाए। हालांकि, अंत में आशुतोष शर्मा ने 19 गेंदों पर दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 37 रन बनाए जिससे टीम 200 रनों का आंकड़ा पार करने में सफल रही।

## केएल राहुल आईपीएल में सबसे कम पारियों में 200 छक्के पूरे करने वाले बल्लेबाज, धोनी-कोहली को पछाड़ा

**एजेंसी ● अहमदाबाद**

दिल्ली कैपिटल्स के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने शनिवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह आईपीएल में सबसे कम पारियों में 200 छक्के पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए। इस मामले में उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली जैसे दिग्गज बल्लेबाजों को पीछे छोड़ दिया।आईपीएल के मौजूदा सत्र में अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते दिख रहे हैं। इससे पहले वह लखनऊ का हिस्सा थे। इस सत्र में उनका बल्ला जमकर गरज रहा है। पिछली छह पारियों में दिग्गज खिलाड़ी ने 266 रन बनाए हैं। इसमें दो अर्धशतकीय पारियां भी शामिल हैं। अब दाएं हाथ के बल्लेबाज ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। वह आईपीएल में सबसे कम पारियों में 200 छक्के पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने यह कारनामा 129 पारियों में किया।गुजरात के खिलाफ तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे केएल राहुल ने 14 गेंदों का सामना किया और चार चौके व एक छक्के की मदद से



28 रन बनाए। उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा ने यॉर्कर गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट किया। दिलचस्प बात यह है कि कृष्णा ने इस सत्र में सिर्फ दो बार यॉर्कर गेंदें फेंकी हैं जिनपर उन्हें विकेट मिले हैं। केएल राहुल से पहले तेज गेंदबाज ने टिम डेविड को पवेलियन की राह दिखाई है। इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2025 का पावरप्ले का अपना सबसे बड़ा स्कोर बना लिया। टीम ने शुरूआती छह ओवर में दो विकेट खोकर 73 रन बनाए। इससे पहले टीम ने मुंबई के खिलाफ दिल्ली में खेले गए मुकाबले में 72/1 का स्कोर तैयार किया था। इसके अलावा अक्षर पटेल की टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ पावरप्ले में सर्वाधिक रन बनाने वाली तीसरी टीम बन गई।

## भारतीय टीम से छुट्टी के बाद दोबारा केकेआर से जुड़े अभिषेक नायर


**एजेंसी ● नई दिल्ली**

भारतीय टीम के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर एक बार फिर कोलकाता नाइट राइडर्स के ड्रेसिंग रूम में नजर आएंगे। उनकी गत विजेता केकेआर के खेमे में वापसी हो गई है। इसकी जानकारी फ्रेंचाइजी की तरफ से शनिवार को एक्स पर दी गई। हालांकि, इस पोस्ट में यह नहीं बताया गया कि उनकी किस पद पर वापसी हुई है।यह पहला मौका नहीं है जब अभिषेक नायर केकेआर का हिस्सा बने हैं। इससे पहले वह 2018 से 2024 तक आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे। पिछले साल जुलाई में उन्हें भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के कोचिंग स्टाफ में शामिल किया गया था। हालांकि, आठ महीने बाद उन्हें सहायक कोच के पद से बर्खास्त कर दिया गया।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को एक चौंकाने वाला फैसला लेते हुए फील्डिंग कोच टी दिलीप और असिस्टेंट कोच अभिषेक नायर को भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ से हटा दिया था। बीसीसीआई ने यह कार्रवाई ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में भारत की शर्मनाक हार के बाद की।

### आठ महीने पहले सहायक कोच बने थे अभिषेक नायर

अभिषेक को आठ महीने पहले ही असिस्टेंट कोच नियुक्त किया गया था, जब गौतम गंभीर ने मुख्य कोच का पद संभाला था। हालांकि, अब उन्हें सहायक कोच की उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है। उनके साथ फील्डिंग कोच टी. दिलीप और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच सोहम देसाई को भी बर्खास्त कर दिया गया है। इसके अलावा टीम में खिलाड़ियों का



मसाज करने वाले एक स्टाफ को भी बर्खास्त किया गया है।

द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप 2024 के बाद समाप्त हो गया था। इसके बाद बीसीसीआई ने गंभीर को मुख्य कोच बनाया था। गंभीर ने अपने सहयोगी के तौर पर कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े अपने साथियों को टीम से जोड़ा था। गंभीर भारतीय टीम के मुख्य कोच बनने से पहले केकेआर के मेंटर रहे थे और तब उसी टीम में अभिषेक नायर, रेयान टेन डेशकाटे सहयोगी स्टाफ रहे थे। मोर्ने मोर्कल ने गंभीर के साथ लखनऊ सुपर जाएंट्स में काम किया था। दिलीप द्रविड़ के समय से ही फील्डिंग कोच के पद पर बने हुए थे। हालांकि, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में करारी हार के बाद अभिषेक पर सवाल खड़े हो रहे थे। बीसीसीआई ने इसके बाद एनसीए और भारत-ए के कोच सितांशु कोटक को सीमित ओवर के क्रिकेट के लिए बतौर बैटिंग कोच टीम इंडिया से जोड़ा था। भारत ने फिर चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम किया था। हालांकि, तब अभिषेक, रेयान टेन, मोर्कल और दिलीप भी टीम स्टाफ का हिस्सा थे। अब जब दिलीप, सोहम और अभिषेक को बर्खास्त कर दिया गया है, बाकी अपने पद पर बने रहेंगे।

दैनिक आदित्य भारत
!! श्रीकृष्ण शरणंमम !!
सदैव सत्य के साथ...
इंदौर, रविवार, 20 अप्रैल, 2025
www.adityabharat.com





**स्वागत को उमड़ा स्पेन...** स्पेन के सेविले में श्रद्धालु एक फ्लोट पर पंखुड़ियाँ फेंकते हैं जिस पर होप वर्जिन ऑफ़ ट्रियाना की छवि है, जिसे पुराने क्वार्टर की सड़कों पर ले जाया जाता है।

## शॉर्ट न्यूज

### रेप के आरोपी को पीटा, नग्न कर घुमाया

**बहराइच**। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के विशेश्वरगंज इलाके में बलात्कार करने के आरोपी को स्थानीय लोगों ने बैलगाड़ी से बांध दिया और उसके साथ मारपीट की। इसके बाद उसे नग्न करके घुमाया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से वायरल होने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। वायरल वीडियो में 22 वर्षीय व्यक्ति को एक बैलगाड़ी से बांधते हुए दिखाया गया है, जिसके शरीर के निचले हिस्से को नग्न दिखाया गया है। जिनमें से कुछ को कुत्ते को उस पर हमला करने के लिए उकसाते हुए और अन्य को पिटाई के लिए प्रोत्साहित करते हुए सुना जा सकता है। एक आवाज यह कहते हुए सुनी जा सकती है, 'जाने दो, अगर वह मर गया तो क्या होगा? गुरुवार को वीडियो के व्यापक रूप से प्रसारित होने के बाद, पीड़ित के परिवार ने स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस उपाधीक्षक रमेश पांडे ने शुक्रवार को बताया कि महिला की लिखित शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मारपीट और नुकसान पहुंचाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है।

### 4 मंजिला इमारत धराशायी, चार की मौत

**नई दिल्ली**। दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में शुक्रवार देर रात ढाई बजे 4 मंजिला बिल्डिंग ढह गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। मलबे से 14 लोगों को निकाल लिया गया है। अभी भी 10 से ज्यादा लोगों के फंसे होने की आशंका है। मौके पर एनडीआरएफ और दिल्ली पुलिस की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हैं। डिविजनल फायर ऑफिसर राजेंद्र अटवाल ने बताया कि देर रात करीब 2:50 बजे एक मकान ढहने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे तो पता चला कि पूरी बिल्डिंग ढह गई है और लोग मलबे में फंसे हुए हैं। पुलिस के साथ मिलकर बचाव अभियान चलाया है। शुक्रवार रात दिल्ली में मौसम ने अचानक करवट ली थी। तेज बारिश और आंधी-तूफान के चलते कई इलाकों में नुकसान हुआ। माना जा रहा है कि इसी वजह से मुस्तफाबाद की इमारत भी ढह गई।

### जेलेंस्की को बड़ा झटका देने की तैयारी में डोनाल्ड ट्रंप

# यूक्रेन के शहर क्रीमिया पर रूसी कब्जे को मान्यता दे सकता है अमेरिका

**एजेंसी ● वॉशिंगटन**

अमेरिका अब रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौते के हिस्से के रूप में क्रीमिया पर रूस के नियंत्रण को मान्यता देने को तैयार हो सकता है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

**कार्रवाई**

यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों के बीच सीजफायर स्थापित करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। 2014 में रूस ने क्रीमिया पर सैन्य कार्रवाई कर कब्जा कर लिया था और वहां एक विवादास्पद जनमत संग्रह कराया था। इस जबरन अधिग्रहण को अमेरिका समेत ज्यादातर देशों ने खारिज कर दिया था। क्रीमिया को रूस का हिस्सा मान लेना, अंतरराष्ट्रीय नियमों से हटकर होगा, जो बलपूर्वक क्षेत्र कब्जा करने को अमान्य मानते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप और विदेश मंत्री मार्को रुबियो शांति वार्ता की धीमी प्रगति से नाराज बताए जा रहे हैं। शुक्रवार को दोनों नेताओं ने संकेत दिया कि अगर जल्द ही कोई परिणाम नहीं निकला, तो अमेरिका वार्ता से अलग हो सकता है। वार्ता को लेकर ट्रंप ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'यह मामला जितना लंबा खिंचेगा, हमारे इसमें शामिल रहने का औचित्य उतना ही कमजोर होता जाएगा।' उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि दोनों पक्ष जल्द समाधान की दिशा में नहीं बढ़ते हैं, तो अमेरिका पीछे हट जाएगा।



### जेलेंस्की बोले- किसी भी हाल में रूस को नहीं देंगे जमीन

यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की ने किसी भी तरह से रुस को यूक्रेनी जमीन सौंपने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। उन्होंने बार-बार कहा है कि क्रीमिया समेत किसी भी क्षेत्र को रुस का हिस्सा मानना अस्वीकार्य है। गुरुवार को कीव में बोलते हुए उन्होंने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ पर रुस समर्थक रुख अपनाने का आरोप लगाते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी। जेलेंस्की ने कहा, 'हम कभी भी यूक्रेनी जमीन को रुसी नहीं मान सकते। जब तक सीजफायर नहीं होता, हमारी जमीन पर कोई बातचीत नहीं हो सकती।

## इमरान खान से मिलने जेल पहुंचीं तीनों बहनें, हिरासत में लिया

**एजेंसी ● इस्लामाबाद**

पाकिस्तान पुलिस ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहनों और उनकी पार्टी के नेताओं को उनसे जेल में मिलने को लेकर हुए विवाद के बाद हिरासत में ले लिया गया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक-नेता इमरान खान (72) को 2023 से रावलपिंडी की अदियाला जेल में रखा गया है और उनके परिवार के सदस्यों और कानूनी टीम को सप्ताह में दो बार मंगलवार और गुरुवार को उनसे मिलने की अनुमति दी जाती है। हालांकि, कुछ समय बाद इमरान खान की बहनों को वापस रिहा कर दिया गया।

ऐसा बताया जा रहा है कि रावलपिंडी पुलिस ने शिपिंग कंटेनर रखकर अदियाला जेल की ओर जाने वाले रास्ते को अवरुद्ध कर दिया था और खान से मिलने आए लोगों को वापस जाने के लिए कहा था। हालांकि, खान की बहनों और उनकी पार्टी के नेताओं ने वापस जाने से इनकार कर दिया। गतिरोध जारी रहने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए खान की तीन बहनों अलीमा खान, उज्मा खान और नोरीन खान के साथ-साथ पीटीआई नेताओं उमर अयूब खान, कासिम



नियाजी, अहमद खान और हामिद रजा को गिरफ्तार कर लिया और उन्हें अज्ञात स्थान पर ले गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बाद में उन्हें जेल क्षेत्र से काफी दूर छोड़ दिया गया। इमरान की पार्टी ने किया विरोधइससे पहले पीटीआई प्रवक्ता शेख वकास अकरम ने पार्टी नेताओं की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करते हुए इसे बेहद निंदनीय बताया। जियो न्यूज से बात करते हुए उन्होंने सरकार से मांग की कि वह हिरासत में लिए गए पीटीआई नेताओं और खान की बहनों को तुरंत रिहा करे।इस सप्ताह यह दूसरी बार है जब पुलिस ने पीटीआई नेताओं को अदियाला जेल के बाहर से गिरफ्तार किया है। मंगलवार को भी उन्हें इसी तरह की परिस्थितियों में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया था।

### विदेश विभाग का छात्रों को देश छोड़ने का आदेश

# अमेरिका में वीजा रद्द होने वाले छात्रों में 50% भारतीय छात्र

**एजेंसी ● वॉशिंगटन**

अमेरिकी सरकार ने हाल ही में कई विदेशी छात्रों को वीजा रद्द होने का मेल भेजा था। इस मेल में इन छात्रों से अमेरिका छोड़ने के लिए कहा गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें से 50% भारतीय छात्र हैं। अमेरिकन इमिग्रेशन लॉयर्स एसोसिएशन (एआईएलए) ने ऐसे ही 327 छात्रों की जानकारी इक्ट्ठा की है। इनमें से 50% से ज्यादा भारतीय छात्र हैं। भारत के बाद दूसरा नंबर चीन का है। इस लिस्ट में शामिल 14% छात्र चीनी हैं। अमेरिकी विदेश विभाग पिछले चार महीनों से विदेशी छात्रों के डेटा की जांच कर रहा है। इसके जरिए इजराइल के खिलाफ और हमास के समर्थन में प्रदर्शन करने वाले विदेश छात्रों का वीजा रद्द किया जा रहा है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो के मुताबिक 26 मार्च तक 300 से ज्यादा 'हमास समर्थक' छात्रों का F-1 वीजा रद्द किया जा चुका है। इसमें कई भारतीय छात्र भी शामिल हैं। अमेरिकी सरकार एआई ऐप 'कैच एंड रिवोक' की मदद से ऐसे छात्रों की पहचान कर रही है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो के मुताबिक 26 मार्च तक 300 से ज्यादा 'हमास समर्थक' छात्रों का एफ-1 वीजा रद्द किया जा चुका है। इसमें कई भारतीय छात्र भी शामिल हैं। इस ऐप की मदद से सबसे पहले 5 मार्च को तुर्किये की एक छात्रा रुमेसा ओजतुर्क की पहचान की गई थी। वह टफ्ट्स यूनिवर्सिटी, बोस्टन में पढ़ाई कर रही थी। उसने सोशल मीडिया पर फिलिस्तीन के समर्थन में पोस्ट किया था, जिसके बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने उसका वीजा रद्द कर दिया।

**जांच**



### ई-मेल में चेतावनी- देश छोड़ दें, वरना हिरासत में लिया जाएगा

यह मेल कई यूनिवर्सिटी के छात्रों को भेजा गया है। इसमें हार्वर्ड, कोलंबिया, येल, कैलिफोर्निया और मिशिगन यूनिवर्सिटी जैसे चर्चित संस्थान हैं। हालांकि कितनी यूनिवर्सिटीज के कितने छात्रों को यह मेल भेजा गया है, इसकी सटीक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। ईमेल में छात्रों से कहा गया कि उनका एफ-1 वीजा अमेरिका के इमिग्रेशन एंड नेशनैलिटी एक्ट की धारा 221(i) के तहत रद्द कर दिया गया है। अब अगर वे अमेरिका में रहते हैं तो उन पर जुर्माना लगाया जा सकता है, उन्हें हिरासत में लिया जा सकता है या उन्हें डिपोर्ट किया जा सकता है।

### भारतीय छात्रों ने अमेरिका में खर्च किए 1.38 लाख करोड़ रुपए

ओपन डोर्स रिपोर्ट 2024 के मुताबिक अमेरिका में 2023-24 में 3 लाख 32 हजार छात्र पढ़ाई कर रहे थे। यह पिछले 2022-23 की तुलना में 23% ज्यादा है। इसमें से ज्यादातर F-1 वीजा वाले हैं, क्योंकि यह विदेशी छात्रों के लिए सबसे आम वीजा है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगले साल अमेरिका में पढ़ाई करने वाले भारतीय छात्रों की संख्या 4 लाख तक पहुंच सकती है। अमेरिका में हर भारतीय छात्र औसतन 30 से 70 लाख रुपए खर्च करता है। शहर, यूनिवर्सिटी के आधार पर खर्च में इतना अंतर आता है। कुछ रिपोर्ट्स में अनुमान के आधार पर बताया गया है कि अमेरिका में भारतीय छात्रों ने 2023-24 में 1.38 लाख करोड़ रुपए खर्च किए।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)